Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24 website- www.dvpnews.in रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 99 ● वर्ष : 11 ● रायपुर, गुरुवार 05 अक्टूबर 2023 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



तृष्णा, वासना के द्वारा डसा हुआ जीवन भव-भव में विषाक्तमय होता है।

Life stung by desire and lust become venomous per several body-forms to come.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

## संक्षिप्त समाचार

### 21 डीएसपी लेबल के अधिकारियों का तबादला

**रायपुर (विसं)।** छत्तीसगढ़ पुलिस विभाग ने बड़े पैमाने पर तबादला किया गया है। राज्य सरकार ने बुधवार शाम राज्य पुलिस सेवा के 21 डीएसपी लेबल के अधिकारियों का तबादला किया है।

### आचार संहिता लागू होने के पूर्व आबकारी विभाग में हुए तबादले

**रायपुर (विसं)।** छत्तीसगढ़ में होने वाले विधानसभा चुनाव के ठीक पूर्व आज राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया है। इसके साथ ही प्रदेश में अब कभी भी आदर्श आचार संहिता लागू करने की घोषणा हो सकती है। इसके ठीक पहले आज वाणिज्य कर आबकारी विभाग महानदी भवन नवा रायपुर द्वारा आबकारी विभाग में पदस्थ अधिकारियों का स्थानांतरण आदेश जारी किया गया है।

### कुलगाम में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में दो आतंकवादी ढेर

**श्रीनगर (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में बुधवार को दो आतंकवादी मारे गए। अधिकारियों ने बताया कि कुलगाम जिले के कुज्जर गांव में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गये हैं। अधिकारियों ने कहा, मारे गए आतंकवादियों के शव बरामद किए जा रहे हैं। घेराबंदी और तलाशी अभियान अभी भी जारी है।




**भरोसे का सम्मेलन** कोड़ातराई में शासन की विभिन्न योजनाओं के तहत 3088 हितग्राहियों को सहायता राशि व सामग्री का वितरण

# किसान, गरीब, मजदूर सहित सभी लोगों की भलाई और उत्थान के लिए कार्य कर रही छत्तीसगढ़ सरकार : मल्लिकार्जुन खड़गे

### छत्तीसगढ़ के 82 विकासखण्डों में जैतखाम की स्थापना के लिए भूमिपूजन सम्पन्न






**रायपुर (विश्व परिवार)।** नेता प्रतिपक्ष राज्यसभा, सांसद श्री मल्लिकार्जुन खड़गे ने आज रायगढ़ जिले के ग्राम कोड़ातराई में आयोजित 'भरोसे का सम्मेलन' को सम्बोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में चारों तरफ विकास ही विकास दिखाई दे रहा है। यहां मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा लोगों की भलाई के लिए सतत रूप से जनहितैषी कार्यक्रम चलाए जा रहे है। सम्मेलन में लोगों की जुटी अपार भीड़ और उनमें सरकार के प्रति विश्वास से साफ जाहिर हो रहा है कि यह सम्मेलन सिर्फ भरोसे का सम्मेलन ही नहीं, बल्कि यह भरोसे का अनुष्ठान सम्मेलन है।

नेता प्रतिपक्ष राज्यसभा, सांसद श्री मल्लिकार्जुन खड़गे ने अपने संबोधन की शुरुआत जय जोहार जय छत्तीसगढ़ महतारी के नमन के साथ किया। उन्होंने कहा कि ऐसा सम्मेलन शायद देश के किसी कोने में, किसी भाग में नहीं हुआ। ये गर्व की बात है कि छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में हर जगह भरोसे का सम्मेलन का आयोजन हो रहा है, जो सरकार के प्रति लोगों के विश्वास को दर्शाता है। मल्लिकार्जुन खड़गे ने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ में गरीब, किसान, मजदूर, महिला, आदिवासी, युवा तथा वंचित व कमजोर वर्ग सहित बच्चे से लेकर बुजुर्ग तक सबके हित में बखूबी काम हो रहा है। यहां राज्य सरकार ने आम लोगों की जरूरत को समझकर योजनाएं बनाई। इन योजनाओं से लाखों-करोड़ों हाथों को काम मिल रहा है। उन्हें सुगमता से रोजगार उपलब्ध हुए हैं और उनकी आय में भी बढ़ोत्तरी हुई है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विपरीत परिस्थितियों में भी छत्तीसगढ़ के विकास का काम कभी नहीं रोका। मैं आप सभी को बधाई देता हूँ। छत्तीसगढ़ में आज चारो तरफ़ विकास हो रहा है। हमारी सरकार लोगों को मजबूत बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। गोधन न्याय योजना से लघु उद्योगों को मजबूती मिली है। गांवों में रोजगार बढ़े हैं। अर्थव्यवस्था मजबूत हुई है। उप मुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव ने भरोसे के सम्मलेन को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में सरकार किसानों, मजदूरों, महिलाओं, युवाओं और सभी वर्ग के लोगों के लिए अच्छा काम कर रही है। इस अवसर पर विभागो द्वारा लगाए गए विभिन्न स्टालो का निरीक्षण किया।

इस अवसर पर कुमारी शैलजा, डॉ. चरणदास महंत, ताम्रध्वज साहू, डॉ. शिव कुमार डहरिया, गुरू रूद्र कुमार, चंद्रदेव राय, नंदकुमार साय, प्रकाश नायक, लालजीत सिंह राठिया, चक्रधर सिंह सिदार सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### छत्तीसगढ़ के समग्र विकास को मिली गति : मुख्यमंत्री भूपेश बघेल

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भरोसे का सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि बाबा गुरु घासीदास के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कला एवं संस्कृति की नगरी रायगढ़ की पावनधरा से आज से 82 विकासखण्डों में जैतखाम की स्थापना के लिए भूमिपूजन किया गया। सत्य के रास्ते में चलने का संदेश बाबा गुरु घासीदास जी का है। सत्य के रास्ते को महात्मा गांधी जी ने भी बताया। सत्य का रास्ता हमारा रास्ता है। प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू जी से लेकर पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री, श्रीमती इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, नरसिम्हा राव, मनमोहन सिंह सभी का उद्देश्य हिंदुस्तान की जनता को ताकतवर बनाने का रहा। इनके बताए मार्ग पर चलकर हमारी सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ में आम लोगों के जीवन में बेहतरी लाने का कार्य निरंतर हो रहा है। इससे छत्तीसगढ़ के समग्र विकास को नई गति मिली है।

## मुख्यमंत्री का छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के परीक्षार्थियों के हित में बड़ा फैसला

**रायपुर (विसं)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के अभ्यर्थियों के हित को देखते हुए आयोग की परीक्षाओं के दस्तावेज के विनिष्टिकरण की व्यवस्था में बदलाव लाने के निर्देश दिए है। मुख्यमंत्री के निर्देश के परिपालन में राज्य शासन द्वारा लोक सेवा आयोग को आयोग की परीक्षाओं की आंसर सीट एवं दस्तावेजों के विनिष्टिकरण के अवधि को दो साल किए जाने का प्रस्ताव भेजा है।

गौरतलब है कि पीएससी परीक्षाओं की आंसर सीट एवं दस्तावेज के विनिष्टि किए जाने के कायदे कानून छत्तीसगढ़ राज्य में लंबे समय से चली आ रही है। इसमें बदलाव लाने के लिए मुख्यमंत्री ने आवश्यक निर्देश दिए है। मुख्यमंत्री के निर्देश के परिप्रेक्ष्य में राज्य शासन द्वारा लोक सेवा आयोग को आंसर सीट एवं अन्य दस्तावेजों को विनिष्टिकरण की अवधि को दो साल तक बढ़ाये जाने का प्रस्ताव भेजा गया है।

### मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले ने पत्रकार-वार्ता को किया संबोधित

# राज्य में कुल 2 करोड़ 3 लाख 60 हजार 240 मतदाता




**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ की मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले ने आज मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में पत्रकार-वार्ता को संबोधित किया। उन्होंने पत्रकार-वार्ता में बताया कि प्रदेश में निर्वाचक नामावली के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के बाद आज सभी मतदान केंद्रों में मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया है। आज प्रकाशित सूची के अनुसार राज्य में कुल 2 करोड़ 3 लाख 60 हजार 240 मतदाता हैं। इनमें एक करोड़ एक लाख 20 हजार 830 पुरूष मतदाता, एक करोड़ दो लाख 39 हजार 410 महिला मतदाता और 790 तृतीय लिंग मतदाता शामिल हैं। निर्वाचक नामावली के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के बाद राज्य में सात लाख 19 हजार 825 मतदाता बढ़े हैं। संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर और बिपिन माझी सहित मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारी भी पत्रकार-वार्ता में मौजूद थे।

### जिले में 1869 मतदान केन्द्र, कुल 18 लाख 77 हजार 753 मतदाता

विधानसभा चुनाव 2023 के परिपेक्ष्य में कालेक्टोरेट परिसर के सभाकक्ष में राजनैतिक दलों की बैठक हुई। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी गजेन्द्र ठाकुर तथा विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक में श्री ठाकुर ने बताया कि आज मतदाता सूची का प्रकाशन तय किया गया है। जिसे संबंधित राजनैतिक दलों को दे दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि 04 अक्टूबर 2023 को स्थिति के अनुसार कुल मतदाता 18 लाख 77 हजार 753 है, जिनमें पुरूष 9 लाख 43 हजार 584, महिला 9 लाख 33 हजार 876 और थर्ड जेंडर 293 है।

## वायु सेना को मिला पहला 'तेजस ट्विन सीटर' एयरक्राफ्ट

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारतीय वायु सेना को अपना पहला 2 सीटर लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट 'तेजस ट्विन सीटर' मिल गया है। बुधवार को यह विमान आधिकारिक तौर पर भारतीय वायु सेना को सौंपा गया। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड यानी एचएएल ने बुधवार को वायु सेना को पहला तेजस ट्विन सीटर ट्रेनर विमान सौंपा हैं। तेजस ट्विन सीटर ट्रेनर विमान एक हल्का विमान है। इसकी एक बड़ी खासियत यह भी है कि यह विमान किसी भी मौसम में उड़ान भर सकता है। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड को कुल 18 ट्विन सीटर विमान का ऑर्डर दिया गया था। भारतीय वायु सेना द्वारा दिए गए इस आर्डर में से 8 विमान अगले साल तक दे दिए जाने हैं।

# छ.ग. स्टेट पॉवर कंपनी में डाटा एंट्री आपरेटर एवं परिचारक के 785 पदों के लिए होगी भर्ती

### एक महीने में 1200 से अधिक पदों के लिये जारी हुए भर्ती विज्ञापन

**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी में डाटा एंट्री आपरेटर और परिचारक श्रेणी-3 (संयंत्र) के 785 पदों पर भर्ती होगी। इसके लिए भर्ती विज्ञापन जारी कर दिये गए हैं। इस तरह एक महीने में पॉवर कंपनी ने 1200 से अधिक नियमित पदों के लिए भर्ती विज्ञापन जारी किये हैं। इन सभी पदों के लिए छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल परीक्षा लेगा।

सी एस पी जी सी एल CSPGCL

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने प्रदेश के युवाओं के लिए रिक्त पदों पर शीघ्र भर्ती के निर्देश दिए थे, जिसके पालनार्थ पॉवर कंपनी ने पहले एई और जेई के कुल 429 पद तथा अब डाटा एंट्री आपरेटर और परिचारक श्रेणी-03 (संयंत्र)के कुल 785 पदों के लिए भर्ती विज्ञापन जारी कर दिये हैं। इस तरह पॉवर कंपनी में 1200 से अधिक नियमित पदों पर भर्ती हो रही है। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन) श्री अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि डाटा एंट्री आपरेटर के 285 पद एवं परिचारक श्रेणी-03 (संयंत्र) के 500 पदों पर भर्ती की जाएगी, जिसमें डाटा एंट्री आपरेटर के लिए ट्रांसमिशन कंपनी के 104 पद एवं डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी में 181 पद हैं। इसी तरह जनरेशन कंपनी में परिचारक श्रेणी-03 (संयंत्र)के 500 पदों में भर्ती की जाएगी। श्री वर्मा ने बताया कि जनरेशन कंपनी में परिचारक श्रेणी-03 (संयंत्र) के लिए विद्युतकार, फीटर, टर्नर, इलेक्ट्रानिक्स मैकेनिक एवं इंस्ट्रूमेंट मैकेनिक ट्रेड पर भर्ती होगी। भर्ती प्रक्रिया के साथ वांछित अहर्ता, आयुसीमा, शैक्षणिक योग्यता, चयन प्रक्रिया आदि शर्तों की विस्तृत जानकारी छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी की वेबसाइट www.cspc.co.in तथा छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापमं) की वेबसाइट www.cgvyapam.choice.gov.in से प्राप्त की जा सकती है। भर्ती परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन व्यापमं की वेबसाइट पर आमंत्रित किये गए हैं।

# श्रद्धा महिला मण्डल द्वारा 125 निविदा पुरुष कामगारों का किया गया सम्मान




**बिलासपुर (विश्व परिवार)।** एसईसीएल श्रद्धा महिला मण्डल द्वारा अपने वशवर्ती क्षेत्रों में विविध समाजोन्मुखी कार्य सम्पन्न किए जाते हैं, इसी कड़ी में दिनांक 04.10.2023 को एसईसीएल वसंत विहार स्थित रविन्द्र भवन में श्रद्धा महिला मण्डल की अध्यक्षा श्रीमती पूनम मिश्रा की अगुवाई में श्रद्धा महिला मण्डल की उपाध्यक्षा श्रीमती रीतांजली पाल, श्रीमती राजी श्रीनिवासन, श्रीमती संगीता कापरी, श्रीमती सुजाता खमारी की उपस्थिति में एसईसीएल मुख्यालय में कार्य करने वाले 125 निविदा पुरूष कामगारों का सम्मान किया गया एवं उन्हें स्टील टिफिन, कपड़ा, खाने का पैकेट प्रदाय किया गया।

इस अवसर पर श्रद्धा महिला मण्डल अध्यक्षा श्रीमती पूनम मिश्रा ने कहा कि अपने श्रमदान, सहयोग से आप लोग हमारे जिंदगी को बहुत ही सहज-सरल बना देते हैं, आपकी बदौलत हमारी कॉलोनी, हमारे हास्पिटल, हमारे बगीचे इतने सुसज्जित व व्यवस्थित रहते हैं, इसके लिए आप लोगों को धन्यवाद। उन्होंने दुर्गा पूजा की अग्रिम बधाई देते हुए कहा कुछ दिनों के बाद नवरात्रि पर्व शुरू होने वाला है, अपने परिवार के साथ हँसी-खुशी त्यौहार मनाएँ। उन्होने उपस्थित निविदा कामगारों से आव्हान करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में डेंगू एवं मलेरिया का प्रकोप है, आप सभी लोग इससे बचाव रखें, ठहरे हुए गंदे पानी की तत्काल सफाई करें एवं डेंगू या मलेरिया होने पर तत्काल चिकित्सा परामर्श लेकर उसका उपचार करवाएँ, साथ ही उन्होंने अपने सम्बोधन में हमारे परिवार के प्रत्येक सदस्य स्वस्थ रहे यही कामना की। इस अवसर पर श्रद्धा महिला मण्डल की पदाधिकारियों सहित समस्त सदस्याओं का सक्रिय सहयोग रहा।

## मोदी सरकार का बड़ा तोहफा, अब 603 रुपए में मिलेगा LPG सिलेंडर

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव और छह महीने दूर लोकसभा चुनाव को देखते हुए सरकार ने बुधवार को उज्ज्वला योजना के तहत दिए जाने वाले रसोई गैस सिलेंडर पर सब्सिडी मौजूदा 200 रुपये से बढ़ाकर 300 रुपये प्रति सिलेंडर कर दी। यह निर्णय केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा लिया गया, जिसकी बुधवार को बैठक हुई थी। सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कैबिनेट बैठक के बाद मीडियाकर्मियों को बताया कि उज्ज्वला लाभार्थियों के लिए सब्सिडी मौजूदा 200 रुपये प्रति सिलेंडर से बढ़ाकर 300 रुपये प्रति सिलेंडर कर दी गई है। 29 अगस्त को सरकार ने उज्ज्वला लाभार्थियों सहित सभी उपभोक्ताओं के लिए घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 200 रुपये की कटौती की थी।




# आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज द्वारा विरचित 645 हाइकु (छंद व्याख्या सहित) पुस्तक पर ऑनलाइन प्रतियोगिता आयोजित, चंद्रगिरी डोंगरगढ़ में पुस्तक का किया गया विमोचन







**चंद्रगिरी डोंगरगढ़ (विश्व परिवार)।** चंद्रगिरी क्षेत्र पर आचार्य श्री के ससंघ चल रहे पावन चातुर्मास के अवसर पर आचार्य भगवन श्री विद्यासागर जी महाराज द्वारा रचित हाइकु के 645 छंद संग्रह की पुस्तक का प्रकाशन किया गया है।

मुनि दीक्षा दिवस शरद पूर्णिमा अर्थात गुरु उपकार दिवस के अवसर पर इस विशेष प्रकाशन के प्रेरक निर्यापक श्रवण श्री प्रसाद सागर जी महाराज ने बताया कि हाइकु कविता छंद की ऐसी विद्या है इसमें की 17 अक्षरों का प्रयोग होता है। पहली लाइन में पांच दूसरी में सात एवं तीसरी लाइन में पांच अक्षर उपयोग किए जाते हैं। आचार्य श्री द्वारा रचित हाइकु अपने आप में ज्ञान का भंडार हैं एवं आत्म कल्याण का दिशा बोध कराते हैं।

इस हाइकु पुस्तक का विमोचन आज डोंगरगढ़ में श्री किशोर जैन अध्यक्ष श्री चंद्रकांत जैन मंत्री श्री टिब्बू भईया दुर्ग श्री प्रदीप जैन विश्व परिवार श्री सुधीर जैन छुईखदान, श्री सप्रेम जैन श्री प्रियेश जैन आदि द्वारा किया गया।

पुस्तक प्रकाशन का पुण्यार्जक सौभाग्य श्री हनुमान प्रसाद विनोद कुमार जैन बडजात्या रायपुर एवं श्री कैलाश चंद्र जैन प्रदीप जैन दैनिक विश्व परिवार रायपुर/झांसी को मिला है।

इस हाईकु कविता छंद की पुस्तक पर ऑनलाइन प्रतियोगिता का आयोजन www.Vidyasagar.Guru द्वारा आयोजित किया जा रहा है। इसमें 24 अक्टूबर से 28 अक्टूबर तक पंजीयन कराकर ऑनलाइन प्रतियोगिता में भाग लिया जा सकता है। विजय प्रतिभागियों को 27 आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

पुस्तक चंद्रगृह तीर्थ डोंगरगढ़, जयपुर, सागर, जबलपुर के साथ अहमदाबाद में श्री पूर्णमति माताजी, आगरा में निर्यापक श्रवण श्री सुधा सागर जी महाराज, सम्मेद शिखर जी में मुनि श्री प्रमाण सागर जी आदि के निकट में भी उपलब्ध है। ऑनलाइन भी इस पुस्तक को डाउनलोड किया जा सकता है। यह प्रतियोगिता सभी आयु वर्ग के लिए खुली हुई है। प्रतियोगिता के उपरांत भव्य आयोजन में विजय प्रतिभागियो को पुरस्कार वितरित किया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### मीडिया जनों पर छापेमारी की हिंदी समाचार पत्र सम्मेलन द्वारा भर्त्सना

**लखनऊ ( विश्व परिवार )।** हिन्दी समाचार पत्र सम्मेलन प्रिंट, इलेक्ट्रानिक और डिजिटल मीडिया में काम करने वाले देश के जाने-माने स्वतंत्र पत्रकारों के खिलाफ सरकार की एजेन्सियों द्वारा मारे गए छापे में उनके लैपटॉप और मोबाइल फोन को जब्त किए जाने और यूएपीए के तहत कार्रवाई की निंदा और भर्त्सना करता है।

पत्रकारों के खिलाफ यह कार्रवाई वास्तव में पत्रकारों और पत्रकारिता पर हमला है। सम्मेलन की कार्य समिति द्वारा पास किए गए उक्त प्रस्ताव की जानकारी सम्मेलन की अध्यक्ष सुश्री सुमन गुप्ता ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए प्रदान की।

प्रस्ताव में कहा गया है कि सरकार को एजेन्सियों के माध्यम से पत्रकारों के उत्पीड़न की कार्रवाई को बंद करके प्रेस की आजादी का सम्मान करना चाहिए।

हिन्दी समाचारपत्र सम्मेलन के पदाधिकारी एवं सदस्य पत्रकारों के खिलाफ हुई कार्रवाई की निंदा एवं भर्त्सना करते हैं। इस प्रकार की कार्रवाई संवैधानिक मूल अधिकारों और लोकतंत्र की मूल भावना के विपरीत है।

### छत्तीसगढ़ ग्लास एसोसिएशन के अध्यक्ष पद के लिए प्रहलाद शादीजा को सर्वसम्मति से पुन: चयन किया गया

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** दिनांक 2 अक्टूबर, स्थानीय मीरा होटल, रायपुर में छत्तीसगढ़ ग्लास एसोसिएशन की वार्षिक सभा का



आयोजन किया गया। जिसमें आगामी दो वर्ष 2023-25 के लिए नये अध्यक्ष रवि ग्लास के संचालक श्री प्रहलाद शादीजा का सर्वसम्मति से पुन: चयन किया गया। वे इस पद पर विगत 2006 से सेवाएं दे रहे हैं। प्रहलाद शादीजा इसके अलावा अन्य अनेक धार्मिक, सामाजिक और सिंधी समाज के संगठनों के निरंतर जुड़े हुए हैं और संगठन के सभी व्यापारियों और समाज के लिए सदैव समर्पित रहते हैं, उनके सेवा भाव को देखते हुए सर्वसम्मति से पुन: अध्यक्ष पद पर मनोनित किए गए हैं। शीघ्र ही नए कार्यकारिणी का गठन भी किया जाएगा।

### युवा कांग्रेस एनएसयूआई संयुक्त रूप से निकालेगी रायपुर दक्षिण विधानसभा में संकल्प यात्रा



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस एवं एनएसयूआई द्वारा आज गांधी मैदान स्थित कांग्रेस भवन में एक अहम बैठक ली गई इस बैठक में रायपुर के दक्षिण विधानसभा में संकल्प यात्रा एक कदम रायपुर दक्षिण में परिवर्तन का इसको लेकर पदाधिकारी को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई एवं पोस्ट का विमोचन भी किया गया लगातार दक्षिण विधानसभा में 35 वर्षों से विधायक निष्क्रिय है, इसको लेकर युवा कांग्रेस एवं एनएसयूआई द्वारा दक्षिण में 7 अक्टूबर से 14 अक्टूबर तक दक्षिण विधानसभा के प्रत्येक वार्डों में संकल्प यात्रा निकाली जाएगी। इस यात्रा का नेतृत्व युवा कांग्रेस और एनएसयूआई संयुक्त रूप से करेगी।

### हिन्दी मीडियम के विद्यार्थियों के लिए नि :शुल्क इंग्लिश कोचिंग 10 से

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** शिवानी स्मृति सेवा संस्थान द्वारा कक्षा 9वीं से 12वीं तक की हिन्दी मीडियम की छात्राओं के लिए नि:शुल्क इंग्लिश कोचिंग प्रारंभ की जा रही हैं। ये कक्षाएं 10 अक्टूबर से छत्रपति शिवाजी इंग्लिश मीडियम स्कूल, पुरानी बस्ती में लगाई जाएगी। संस्थान के अध्यक्ष मुकेश शाह ने बताया कि इन कक्षाओं में विद्यार्थियों को इंग्लिश के बेसिक ग्रामर, रीडिंग स्पीड, अंग्रेजी शब्दकोश के साथ-साथ इंग्लिश स्पीकिंग पर जोर दिया जाएगा। हिन्दी माध्यम के बच्चे कई बार अंग्रेजी ज्ञान नहीं होने पर नर्वस होते हैं और कई मौकों पर उनका आत्मविश्वास कम हो जाता है, इसी को ध्यान में रखकर विद्यार्थियों के लिए ये नि:शुल्क कोंचिंग प्रारंभ की जा रही है। इसमें प्रवेश लेने के इच्छुक विद्यार्थी वीर छत्रपति शिवाजी स्कूल, पुरानी बस्ती में दोपहर 4 बजे से 6 बजे के बीच संपर्क कर सकते हैं।

### एशियन पेंट्स का पहला प्रीमियम ब्यूटीफुल होम्स बुटीक खुला



**भिलाई ( विश्व परिवार )।** भारत की सबसे बड़ी पेंट एवं डेकॉर कंपनी एशियन पेंट्स ने भिलाई शहर में अपना पहला प्रीमियम 'ब्यूटीफुल होम्स बुटीक', एक मल्टी-कैटेगरी डेकोर शोरूम लॉन्च किया है। दिव्यांश होम डेकोर, नंदनी रोड पर शंकर ग्लास सेंटर में स्थित नया एशियन पेंट्स ब्यूटीफुल होम्स बुटीक टेक्नोलॉजी के ऐसे ट्रेंड्स के साथ खरीदारी का एक अनूठा और शानदार अनुभव देने के लिये तैयार है, जो स्टोर में ग्राहकों को मिलने वाली सर्विस एवं अनुभव को बेहतर बनाएंगे। इस आधुनिक स्टोर का उद्घाटन एशियन पेंट्स के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ अमित सिंगले ने किया है। इस स्टोर में आवासीय तथा वाणिज्यिक जगहों के लिये विभिन्न श्रेणियों में उत्पादों का प्रदर्शन किया गया है। यहां पेंट्स एवं वॉलपेपर्स, मॉड्यूलर किचन एवं वार्डरोब्ज, बाथ फिटिंग्स, सॉफ्ट फर्निशिंग्स, यूपीवीसी डोर्स एवं विंडोज, टाइल्स और वुडन फ्लोरिंग में उत्पादों की एक व्यापक श्रृंखला है।

लोन लेने के लिए ITR बनवायें मात्र 500/- में
शेखर गुप्ता ONLYTDS.COM
ITR GST
हमारे TAX Expert आपकी मदद हेतु तैयार है।
G.S.T. रिटर्न | Food Licence
इन्कम TAX फाईल | M.S.M.E. रजिस्ट्रेशन
TDS रिफंड | प्रोजेक्ट रिपोर्ट
IT नोटिस | डिजिटल सिग्नेचर
9300755544, 8878655544

## गरीबों के चेहरे खिले, पांच हजार हितग्राहियों को पट्टा वितरण



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** नगर पालिक निगम रायपुर के महापौर एजाज ढेबर ने कहा कि छत्तीसगढ़ की भूपेश बघेल सरकार भरोसे की सरकार है। प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राजीव गाँधी आश्रय योजना के अंतर्गत नगरीय क्षेत्र में आवासहीन गरीबों को किया गया आवासीय पट्टे का वितरण करवाकर किया गया वायदा अत्यंत सहजता एवं से पूरा कर दिखलाया है। महापौर एजाज ढेबर ने राजीव गाँधी आश्रय योजना के तहत नगरीय क्षेत्र में पात्र आवासहीन गरीबों को आवासीय पट्टे वितरण करने के कार्य करवाने प्रदेश के नगरीय प्रशासन एवं विकास मन्त्री डॉक्टर शिव कुमार डहरिया द्वारा दिये गये मार्गदर्शन से रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र सहित रायपुर उत्तर, रायपुर ग्रामीण, रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न वार्डों के रहवासी 5000 पात्र अधिभोगी आवासहीन गरीबों को राजीव गाँधी आश्रय योजना के तहत आवासीय पट्टे स्थायी पट्टा विलेख का वितरण किया गया। महापौर एजाज ढेबर ने सम्बंधित निगम अधिकारियों को निर्देशित किया कि वार्ड, जोन क्षेत्र सहित रायपुर नगर पालिक निगम क्षेत्र में कोई भी पात्र आवासहीन गरीब व्यक्ति राजीव गाँधी आश्रय योजना के तहत आवासीय पट्टे को प्राप्त करने से कदापि वंचित ना रहे, यह सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित किया जाये।

## राजकुमार कॉलेज के छात्रों का नेशनल स्कूल गेम्स के लिए हुआ चयन



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** तीन स्वर्ण, तीन रजत और एक कांस्य पदक जीतकर राजकुमार कॉलेज रायपुर के छात्रों का 67वें नेशनल स्कूल गेम्स (एसजीएफआई) में चयन हुआ। 28 सितंबरसे 30 सितंबर 2023 तक बी.एम. स्कूल बेंगलुरु में आयोजित सीआईएससीई नेशनल शूटिंग प्रतियोगिता में राजकुमार कॉलेज के छात्रों ने तीन स्वर्ण, तीन रजत और एक कांस्य पदक जीतकर शानदार जीत दर्ज़ की। इस प्रतियोगिता में विद्यालय से कुल 34 छात्रों ने भाग लिया था जिमें 18 बालिकाएँ और 16 बालक शामिल थे। विजयी छात्रों में अंडर 19 पीप साइट बालक वर्ग में कुशाग्र देव सिंह परिहार ने स्वर्ण और मानवेन्द्र शर्मा ने रजत पदक हासिल किया, अंडर 19 पीप साइट बालिका वर्ग में नवधि किरी ने स्वर्ण और सुनिष्का कुमार ने रजत पदक हासिल किया, अंडर 19 पिस्तौल बालिका वर्ग में चाँदनी पैकरा ने स्वर्ण और यशस्वी सिंह ने कांस्य पदक हासिल किया तथा अंडर 14 पीप साइट बालक वर्ग में कुँवर कार्तिक सिंह देव ने रजत पदक हासिल किया। अंडर 17 बालक वर्ग पिस्तौल मेंरितिक चौधरी ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया।

## यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय कार्यालय में मनाया गांधी जयंती



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** देश के अग्रणी बैंकों में से एक यूनियन बैंक ऑफ इंडिया क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर द्वारा क्षेत्र प्रमुख श्री अनुज कुमार सिंह की अगुवाई में दिनांक 02 अक्टूबर 2023 को गांधी जयंती के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन क्षेत्रीय कार्यालय परिसर में किया गया। कार्यक्रम को प्रभावी बनाने एवं ग्राहकों के बीच आत्मविश्वास बढ़ाने के मद्दे नज़र यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा मुख्य अतिथि के रूप में पद्मश्री सम्मान से सम्मानित श्रीमती फूलबासन बाई जी को भी आमंत्रित किया गया। क्षेत्र प्रमुख श्री अनुज कुमार सिंह द्वारा उक्त कार्यक्रम में गांधीजी के विचारों एवं सिद्धांतों के बारे में विस्तृत अभिभाषण दिया गया। बैंक द्वारा इस अवसर पर मुख्य अतिथि पद्मश्री श्रीमती फूलबासन बाई जी के कर कमलों द्वारा गृह ऋण, वाहन ऋण तथा अब नारी की बारी योजना के अंतर्गत ऋणों के अनुमोदन पत्र भी प्रदान किये गए। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्री अनुज कुमार सिंह (क्षेत्र प्रमुख), श्री सौरभ चाफेकर (उपक्षेत्र प्रमुख), श्री पुष्कर सिन्हा (उपक्षेत्र प्रमुख) एवं विभिन्न शाखाओं तथा रायपुर की टीम का विशेष योगदान रहा।

## अंतिम मतदाता सूची का हुआ प्रकाशन, जिले में मतदाताओं की संख्या बढ़कर हुई 893374

**बलौदाबाजार ( विश्व परिवार )।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार दावा आपत्तियों का निराकरण पाश्चत 4 अक्टूबर को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया गया। अंतिम सूची में जिले में मतदाताओं की संख्या बढ़कर 8लाख 93 हजार 374 हो गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर श्री चंदन कुमार ने बुधवार को संयुक्त जिला कार्यालय में आयोजित राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों की बैठक एवं प्रेस कॉन्फ्रेंस में जानकारी देते हुए बताया कि अंतिम मतदाता सूची में कुल 893374 मतदाताओं में 446867 पुरुष, 446488 महिला, 8397 दिव्यांग तथा 19 तृतीय लिंग के मतदाता शामिल हैं। लिंगानुपात 985 से बढ़कर 999 हो गई है।

कलेक्टर श्री कुमार ने बताया कि प्रकाशित अंतिम सूची पूर्णत: त्रुटि रहित व शुद्ध है। प्रारंभिक प्रकाशन के एक महीने के भीतर नाम जोड़ने व विलोपन के लिए विशेष अभियान चलाया गया। महिला मतदाताओं की संख्या बढ़ाने के लिए कॉलेजों में शिविर लगाए गए और जिनकी आयु 1 अक्टूबर 2023 को 18 वर्ष पूरा हो रहा था उन सबका नाम मतदाता सूची में जोड़ने कार्यवाही की गई। इसी प्रकार विलोपन के लिए टीम द्वारा घर -घर जाकर जानकारी ली गई। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने का कार्य सतत रूप से जारी रहता है। इस सूची के प्रकाशन के बाद भी नाम जोड़ने की कार्यवाही जारी रहेगी। उन्होंने आगामी चुनाव में शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की।

मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के अनुसार विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 43 बिलाईगढ़ में मतदान केंद्र संख्या 129, कुल मतदाता संख्या 101468, पुरुष51062, महिला50404, दिव्यांग 838 एवं तृतीय लिंग 2, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 44 कसडोल में मतदान केंद्र 402, कुल मतदाता संख्या 361208, पुरुष 181105, महिला 1801000, दिव्यांग 3470 एवं तृतीय लिंग 3, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 45 बलौदाबाजार में मतदान केंद्र संख्या 196, कुल मतदाता 178330, पुरुष 88893, महिला 89436, दिव्यांग 1695 एवं तृतीय लिंग 01, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 46 भाटापारा में मतदान केंद्र संख्या 282, कुल मतदाता 252368, पुरुष 125807, महिला 126548, दिव्यांग 2394 एवं तृतीय लिंग 13 मतदाता हैं।

## बस्तर में एक सुनहरे भविष्य की नई सुबह होने जा रही है : अरुण साव



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद अरुण साव ने कहा है कि प्रदेश में परिवर्तन यात्रा को मिले रेस्पॉन्स से भूपेश सरकार पूरी तरह घबरा गई है। बौखलाहट में वह अब तमाम लोकतंत्रिक मर्यादाओं को ताक पर रख कर देश के प्रधानमंत्री के आगमन पर राज्य की किसी सरकार ने बंद आयोजित किया गया।

अरुण साव ने कहा कि यहां तक कि कांग्रेस की सरकार ऐसी हिम्मत उस पंजाब में भी नहीं कर पाई जहां श्री मोदी जी सुरक्षा से समझौता हुआ था वास्तव में ऐसा कोई राजनीतिक दल कर भी नहीं सकता। खुद कांग्रेस भी अगर महज एक राजनीतिक दल होती, तो ऐसी असभ्यता करने के बारे में सोचती भी नहीं। बस्तरवासियों, प्रदेशवासियों की दशकों पुरानी आकांक्षाओं को पूरा करने, विकास का सवेरा लाने नगरनार स्टील प्लांट के लोकार्पण समेत 26 हज़ार करोड़ से अधिक के विकास कार्यों को जनता को समर्पित किया। केवल नगरनार प्लांट से ही 50 हज़ार से अधिक छत्तीसगढियों को रोजगार मिलेगा। लेकिन उस शासकीय कार्यक्रम में सीएम तो उपस्थित नहीं ही हुए, हालाँकि बस्तर बंद और बहिष्कार से कांग्रेस का छत्तीसगढ़ विरोधी, बस्तर विरोधी, विकास विरोधी चेहरा ही उजागर हुआ। इस दौरान प्रदेश महामंत्री विजय शर्मा, प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी, सह मीडिया प्रभारी अनुराग अग्रवाल, प्रदेश सोशल मीडिया सह संयोजक मितुल कोठारी मौजूद रहे।

## बैंक ऑफ बड़ौदा ने हिन्दी दिवस समारोह का आयोजन किया



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** बैंक ऑफ बड़ौदा, क्षेत्रीय कार्यालय, रायपुर में बुधवार 4 अक्टूबर को हिन्दी माह के अवसर पर राजभाषा संगोष्ठी एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया.

संघ की राजभाषा हिन्दी के प्रति अपने प्रेम की प्रतिबद्धता को दिखाते हुए कार्यालय के सभी सदस्य सभागार में एकत्रित हुए। कार्यक्रम की शुरूआत राजभाषा अधिकारी राहुल कुमार प्रसाद द्वारा एक लघु भाषण द्वारा हुई. इस विशेष मौके पर बैंक ऑफ बड़ौदा कॉर्पोरेट कार्यालय द्वारा हिन्दी दिवस पर भेजे गए हमारे बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारीविडियों संदेश प्रसारित की गई एवं माननीय गृहमंत्री एवं सहकारिता मंत्री, भारत के संदेशों का पाठ किया गया. इस अवसर पर मुख्य अथिति श्री गिरजाशंकर गौतम, सहायक प्रधायापक, हिन्दी विभाग, पं. रविशंकर शुक्ल वि.वि. का क्षेत्रीय प्रमुख श्री अमित बैनर्जी द्वारा स्वागत किया गया.

इस संबंध में बैंक ऑफ बड़ौदा, रायपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधक श्री अमित बैनर्जी ने बैंक के स्टाफ सदस्यों को संबोधित किया राजभाषा के क्षेत्र में बैंक ऑफ बड़ौदा की विशेष योगदान की चर्चा करते हुए बैंक के सहायक महाप्रबन्धक श्री अमित बैनर्जी ने हिन्दी भाषा में बैंकिंग कार्य करने के लिए सभी स्टाफ सदस्यों की सराहना की तथा इसे और बढ़ाने पर जोर दिया . उन्होंने यह भी सूचित किया की बैंक ऑफ़ बड़ौदा, रायपुर क्षेत्र को बड़ौदा को नराकास रायपुर को वर्ष 2021-22 में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ हैं.

इस अवसर क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधक, श्री अमित बैनर्जी एवं उप क्षेत्रीय प्रमुख, श्री दीपक कुमार मिश्रा ने हिन्दी दिवस के अवसर आयोजित हिन्दी से संबंधित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को भी पुरस्कृत किया. उक्त कार्यक्रम का समापन उप क्षेत्रीय प्रमुख, श्री दीपक कुमार मिश्रा जी के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ.

## जिले का पहला डिजिटल लाइब्रेरी खुर्सीपार में बन कर तैयार, विधायक देवेंद्र यादव ने जनता को सौंपा



**भिलाई ( विश्व परिवार )।** दुर्ग जिले का पहला डिजिटल लाइब्रेरी खुर्सीपार श्रीराम चौक के पास बन कर तैयार हो गया है। जिसे आज भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने भिलाई के छात्र-छात्राओं को सौंप दिया है। पूरे विधि विधान के साथ लोकार्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां छात्र-छात्राओं के साथ विधायक ने फीता काटकर लाइब्रेरी का लोकार्पण किया। इस दौरान क्षेत्र के विद्यार्थियों में बड़ी उत्साह और उमंग का माहौल देखने को मिला।

फीता काटने के साथ विधायक श्री यादव सहित सभी ने लिए लाइब्रेरी ओपन की गई। सभी ने लाइब्रेरी के प्रत्येक कमरे, रीडिंग जोन, बुक्स आदि का निरीक्षण किया। लाइब्रेरी की खूबसूरती और सुविधाओ को देख कर क्षेत्र के नागरिक व छात्र-छात्राओं में काफी उत्साह का माहौल रहा। लाइब्रेरी में सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए है। क्षेत्र के नागरिकों ने इसके लिए विधायक श्री यादव का आभार जताया। लोकार्पण कार्यक्रम में महापौर नीरज पाल सहित सभी एमआईसी मेंबर, क्षेत्र के कांग्रेसी नेता आदि शामिल रहे।

**अब सभी करेंगे विभिन्न परीक्षाओं की तैयारी :** हमारे बच्चे भी बैंक, रेलवे, यूपीएससी, पीएससी सहित सभी तरह की परीक्षा दे सकें। उनकी पढ़ाई में पैसा और सुविधा संसाधन की कमी कोई बाधा ना बने। सभी बच्चों जरूरी किताबें उपलब्ध कराने यह लाइब्रेरी शुरू की गई है। जो हमारे बच्चों को भविष्य उज्जवल बनाएंगी। मेरी यह प्रार्थना है कि हमारे बच्चे खूब पढ़े और इस शिक्षाधानी का नाम पूरे विश्व में रौशन करें।

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)**
शहीद समारक भवन,फाफाडीह, रायपुर
Email ID - rmczone2@gmail.com

पत्र क्रं./6299/न.पा.नि./जोन क्रं.2/2023
रायपुर दिनांक : 03-10-2023

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 6299**
**वार्ड का नाम- 27-इंदिरा गांधी वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 27 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR737D00109** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती SUDHA DEVI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **KAMAL SIHAMALU** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री/श्रीमती 1. VIJAY MUDGAL S/O RAMNIWAS MUDGAL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **2. PAYAL MUDGAL W/O ANOOP MUDGAL** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**श्री आर.के.डोंगरे**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रं. - 2**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर**
email Id- eocghbzone1@gmail.com

***आम-सूचना***

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि हितग्राही **श्रीमती रेखा रानी साहू पति स्व. श्री रूम लाल साहू** को भवन/भूखण्ड क्रमांक **एच.आई.जी.-I,/133 सेक्टर-01, पं.दीनदयाल उपाध्याय नगर, डंगनिया, रायपुर,** छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा आबंटित/नामांतरित किया गया है। हितग्राही द्वारा उक्त भवन को फ्री-होल्ड अधिकार में संपरिवर्तन हेतु निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति, शासकीय/ अर्द्धशासकीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के अंदर मय दस्तावेज, अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि के पश्चात कोई भी आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**सम्पदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01**
**कबीर नगर, रायपुर**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-4)**
प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर
E-mail ID - rmczone4@gmail.com

पत्र क्र./6343/ न.पा.नि./जोन क्र.-4/2023
रायपुर, दिनांक 04-10-2023

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र.6343**
**वार्ड का नाम- 35-पं. रविशंकर शुक्ल वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 35 स्थित/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR334A00185** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SYED . IRSHAD ALI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **YAKUB ALI** के नाम से दर्ज, जिसको श्री/श्रीमती **पुष्पेन्द्र दुबे ( HUF )** पिता/पति, श्री/श्रीमती **स्व.बी.एल.दुबे** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-4**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

## रायपुर रेलवे स्टेशन के पास एक्सप्रेस वे को बंद करने के संबंध में

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** रायपुर रेलवे स्टेशन के गुढ़ियारी छोर पर बने रेलवे अंडर ब्रिज (ब्रिज नं. 380) के एक्सप्रेस वे की तरफ पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य किया जाना प्रस्तावित है जिसमें वर्तमान एक्सप्रेस वे को तोड़कर अंडरब्रिज के लेवल से सड़क सतह को ढलान के साथ नीचा किया जाना है। जिसकी अनुमति दिनांक 31.08.23 अतिरिक्त प्रबंधक संचालक छत्तीसगढ़ रोड़ एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कारपोरेशन लिमिटेड, रायपुर द्वारा प्रदान की गयी है। रायपुर रेल मंडल के इंजीनियरिंग विभाग द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार सड़क को फाफाड़ीह की तरफ बने ओवरब्रिज के ढलान के बाद बंद किया जाएगा। यह कार्य दिनांक 30/09/23 से 28/12/23 तक किया जाएगा। अत: रायपुर रेलवे स्टेशन पहुंच वाली लेन को दिनांक 30/09/23 से 18/11/ 23 एवं रायपुर रेलवे स्टेशन से जाने बोली लेन को दिनांक 30/09/23 से 28/12/23 तक बंद कया जाएगा।

### रेलवे लेवल क्रॉसिंग क्रमांक आरव्ही-10 जोरा गेट मरम्मत कार्य हेतु बंद

रायपुर रेल मंडल के रायपुर एवं मंदिरहसौद स्टेशन के बीच स्थित जोरा गेट रेलवे लेवल क्रासिंग क्रमांक आर व्ही.-10 कि.मी. 09/21-23 के मरम्मत कार्य 7 अक्टूबर 2023 समय रात 10 बजे से 8 अक्टूबर 2023 सुबह 8 बजे तक किया जाएगा। समपार फाटक की मरम्मत करना रेल यातायात व यात्रियों की संरक्षा की दृष्टि से अति आवश्यक हैं। रेल प्रशासन सभी से सहयोग की आशा करता है।

## भाजपा नगरनार संयंत्र के निजीकरण पक्ष में बस्तर की जनता विरोध में



**रायपुर ( विसं )।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि भाजपा नगरनार संयंत्र की निजीकरण की पक्षधर है। इस लिये बस्तर की जनता की भावनाओं के विपरीत बयानबाजी कर निजीकरण को सही ठहराने की कोशिश कर रही हो लेकिन नगरनार संयंत्र की निजीकरण के विरोध में किसान, आदिवासी, युवा व्यापारी, महिलाओं ने बस्तर को स्वस्फूर्त बंद कर मोदी सरकार की निजीकरण का विरोध किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बस्तर आये लेकिन नगरनार संयंत्र की निजीकरण पर स्पष्ट जवाब नहीं दिये। बल्कि हमेशा की तरह झूठ बोलकर गोलमोल जवाब देकर निजीकरण का बचाव करते रहे है। बस्तर के आदिवासियों ने अपनी जमीन एनएमडीसी के नगरनार स्टील प्लांट को दी थी। छत्तीसगढ़ राज्य सरकार के जरिए इस जमीन का मकसद बस्तर का विकास था। आदिवासियों ने अपनी जमीन मुआवजे के लिये नहीं दी थी बल्कि इसलिए दी थी कि आने वाले समय में उनको रोजगार मिल सके और साथ ही क्षेत्र का विकास हो।

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक
# विश्व परिवार



## बालको के पोषण माह ने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य देखभाल को बनाया उत्कृष्ट




**बालकोनगर(विश्व परिवार)।** वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने अपने आरोग्य परियोजना के तहत मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य पहल पर दो महीने तक चले उत्सव का समापन समारोह संपन्न हुआ। उत्सव में संयंत्र के आसपास समुदायों में पोषण माह और स्तनपान सप्ताह समारोह के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया। जिला स्वास्थ्य विभाग और विभिन्न सामुदायिक भागीदारों के सहयोग से स्तनपान, पोषण और महिला कल्याण से संबंधित स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने वाले इस उत्सव ने समुदाय के 32 आंगनवाड़ी केंद्रों की 1000 से अधिक महिलाओं तक अपनी पहुंच बनायी। बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने कहा कि बालको का दृष्टिकोण एल्यूमिनियम उत्पादन से आगे सामुदायिक भलाई तक फैला हुआ है, कंपनी सभी के लिए उज्जवल एवं स्वस्थ भविष्य को बढ़ावा देने के लिए कटिबद्ध है। हमारा प्रयास है कि हर बच्चा आगे बढ़े और हर मां को वह देखभाल मिले जिसकी वह हकदार है। स्तनपान सप्ताह और पोषण माह के दौरान मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य का जश्न मनाना, स्वस्थ समुदायों के पोषण के प्रति हमारी प्रयासों को दर्शाता है। बालको प्रचालन के आसपास रहने वाले लोगों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं तक बेहतर पहुंच सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। कोरबा जिले के बेला गांव की सरपंच मती जया राठी ने कहा कि एनीमिया और कैंसर पर जागरूकता सत्र वास्तव में ज्ञानवर्धक थे। बालको के स्तनपान सहायता सत्र इसे सामान्य बनाने में सहायक रहे हैं। ऐसे कार्यक्रम हमारे समुदाय में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य पर गहरा सकारात्मक प्रभाव डालने के लिए तैयार हैं। बालको के स्वास्थ्य पहल के प्रति अपना आभार व्यक्त किया। भारत सरकार द्वारा शुरू की गई पोषण माह पहल के अनुरूप बालको ने आरोग्य परियोजना के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य देखभाल को संबोधित करने, पोषण महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने और स्वस्थ पोषण कोशिशों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सितंबर को पोषण माह के रूप में मनाया। गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं के साथ-साथ कुपोषित बच्चों की माताओं के बीच जागरूकता अभियान चलाया गया। इस महीने में कई गतिविधियाँ शामिल थीं जैसे: महीने भर चलने वाले उत्सव में पोषण विशेषज्ञों और स्त्री रोग विशेषज्ञों के नेतृत्व में पोषण और एनीमिया से संबंधित विषय पर जागरूकता शिविरों और सत्रों सहित कई कार्यक्रम आयोजित किये गए। पीडी हर्थ सत्र और टीएचआर प्रशिक्षण कार्यक्रम सत्रों में चिकित्सीय जटिलताओं के बिना कुपोषित बच्चों के पुनर्वास और रखरखाव के लिए एक प्रभावी परिवर्तन कार्यक्रम है। माताओं एवं बच्चों के पोषण स्तर में सुधार हेतु टेक-होम राशन (महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्रदान किया जाने वाला पूरक खाद्य उत्पाद) पर प्रशिक्षण भी शामिल किया गया। रेसिपी प्रतियोगिताओं में परिचर्चा, प्रश्नोत्तर सत्र और टीएचआर का उपयोग करके एक विशेष रेसिपी बनाने की 'व्यंजन प्रतियोगिता' में महिलाओं की भागीदारी ने सभी को सीखने के लिए प्रोत्साहित किया। गोदभराई रस्म बालको ने समुदाय की 30 गर्भवती महिलाओं की पारंपरिक भारतीय गोद भराई का जश्न मनाया, उन्हें पोषण सेवन बढ़ाने के लिए मूल्यवान टिप्स और तकनीकें प्रदान कीं।

## आईपीएस के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने लिया स्वच्छता शपथ

**कोरबा(विश्व परिवार)।** स्वच्छ भारत का सपना साकार करने स्वच्छता की शुरूआत हमें अपने घर गली मोहल्ले से करनी चाहिए। आस पास के वातावरण, परिवेश को स्वच्छ रखने पर ही उसके सम्पर्क से हमारा शरीर स्वच्छ रहेगा और तभी हमारे स्वच्छ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का वास होगा। आज पूरा देश इस प्रयास में लगा हैं कि वो अपने नजदीकी पर्यावरण को स्वच्छ व निर्मल बना सके। स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करने नित नए तरीके अपनाये जाते हैं, कभी स्वच्छता दिवस कभी सप्ताह तो स्वच्छता पखवाड़ा ये सारे केवल उपलब्धि पाने तसवीर खिंचाने के लिये नही होते वरन इनका उद्देश्य होता है लोगो को स्वच्छ रहने का गुण व स्वच्छता के फायदे बताना । एक स्वस्थ राष्ट्र बनाने के लिए एक वहां के नागरिकों का स्वस्थ होना आवश्यक हैं और भारत के नागरिक होने के नाते हमारा कर्तव्य है कि हम अपने भारत भूमि को स्वच्छ रखें तभी यह सुजला, सुफला मलयज शीतला रह पाएगी । जहाँ पूरे राष्ट्र में स्वच्छता की अलख जगाने तथा लोगों को स्वच्छ रहने को जागरूक करने के उददेश्य से विविध आयोजन हो रहे है वहीं दीपका स्थित इंडस पब्लिक स्कूल दीपका के विद्यार्थियों के द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत विद्यालय परिसर में श्रमदान कर साफ सफाई कर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया गया। श्रीमती सोमा सरकार ;शैक्षणिक प्रभारी के दिशा निर्देशन में सभी शिक्षक की स्टाफ ने विद्यालय के आसपास एवं विद्यालय में निर्मित हर्बल गार्डन की साफ सफाई की एवं श्री राजू कौशिक के दिशा निर्देशन में इंडस पब्लिक स्कूल दीपिका के विद्यार्थियों ने विद्यालय परिसर एवं आसपास के कचरो को साफ कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया गया । स्वच्छता ही सेवा अभियान में विद्यालय के अधिकांश विद्यार्थियों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। विद्यार्थयों ने विद्यालय परिसर की साफ सफाई करके माध्यम से लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। सभी विद्यार्थियों ने शिक्षकों सहित स्वच्छता शपथ ली एवं स्वच्छता की शुरुआत अपने घर से करके लोगों को स्वच्छता के प्रति संदेश देने हेतु संकल्पित हुए। विद्यार्थियों ने श्रमदानकर एवं स्वच्छता से संबंधित रचनाओं से स्वच्छ भारतवर्ष बनाने का संदेश दिया। साथ ही प्रेरक नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति देकर उपस्थित जनसमुदाय को स्वच्छता का महत्व बताया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ संजय गुप्ता ने कहा कि यदि होगी स्वच्छ धरा तो होगा जीवन खुशियों से भरा। स्वच्छता की शुरूआत हमे स्वयं क घर गली मोहल्ले से करनी चाहिए क्यों कि स्वच्छता यदि रहेगी तो बेशक हमारा शरीर भी स्वच्छ रहेगा।

## सड़कों पर पशुओं के कारण हो रही दुर्घटना को रोकने के लिए सड़कों से घुमंतू पशुओं को हटाने की जरूरत - कलेक्टर

### सतत मॉनिटरिंग और प्रबंधन में किया जायेगा और विस्तार

**सूरजपुर(विश्व परिवार)।** सड़कों पर पशुओं के कारण हो रही दुर्घटना को रोकने के लिए व सड़कों से घुमंतू पशुओं के प्रभावी प्रबंधन के लिए आज समय सीमा की बैठक इस विषय पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने उपस्थित संबंधित अधिकारियों को जिले में पशुओं के कारण दुर्घटनाजन्य सड़कों को चिन्हांकन और सतत मॉनिटरिंग के लिए योजनाबद्ध तरीके से व्यवस्था बनाने की बात कही। उन्होंने कहा कि पशुओं के कारण हो रही दुर्घटनाओं को रोकने के लिए कार्य क्षमता में और विस्तार करने की आवश्यकता है। इसके लिए पशुपालकों को समझाईश देने के साथ ही जनसामान्य को इसमें जोडने की जरूरत है।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशक किया कि सड़कों पर पशुओं के कैचमेंट एरिया के ग्रामों व नगरीय क्षेत्रों का चिन्हांकन, ग्राम व नगरवार सड़कों पर आने वाले पालतू व आवारा पशु संख्या, पशुओं को रखने हेतु गौशाला, गौठान व कांजी हाऊस की मैपिंग, पशुओं को सड़क से हटाने की व्यवस्था, चिन्हांकित सड़कों से हटाए गए पशु संख्या, संबंधित गौठान, गौशाला व कांजी हाऊस की क्षमतापूर्ति की स्थिति, जुर्माना व वसूली तथा पशु नीलामी की स्थिति,चिन्हांकित ग्रामों व नगरीय क्षेत्रों में पशु मालिकों के बिहेवियर चेंज के प्रयास एवं कार्ययोजना, चिन्हांकित सड़कों पर पशुओं के आने संबंधित शिकायत एवं निराकरण की व्यवस्था, पशु अतिचार पर निगरानी की शासकीय व्यवस्था की सतत समीक्षा करते हुये सभी संबंधित अधिकारियों को युद्धस्तर पर कार्य करना है।

## रंगों से उभारा कैनवास देश भक्ति गीतो ने जगाया देश भक्ती का जसबा

**कोरबा(विश्व परिवार)।** महाराजा अग्रसेन जंयती के अवसर पर आयोजित प्रतियोगिताओ का महाकुंभ में अग्रसेन नव युवक मंच व अग्रवाल महिला मंडल के द्वारा विभिन्न श्री अग्रसेन पब्लिक स्कुल व अग्रसेन भवन में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । अग्रसेन नवयुवक मंच के द्वारा श्री अग्रसेन पब्लिक स्कुल में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में किड्स रंग भरो प्रतियोगिता दो वर्ग के लिए आयोजित कि गई जिसमें वर्ग अ में कक्षा 2 तक बच्चों के लिए व वर्ग ब कक्षा 3 से 5 तक के बच्चों के लिए अयोजित कि गई जिसमें 105 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया इसके साथ ही चित्रकला प्रतियोगिता कक्षा 6 से कक्षा 8वीं तक केलिए अयोजित कि गई जिसमें 32 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। पैन्टिग प्रतियोगिता कक्षा 9 से 12वीं बालक एवं बालिकाओं के लिए अयोजित कि गई जिसमें 07 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया जहां रंगों को बच्चों ने अपने चित्रों पर लगाया वहीं पेन्टिंग प्रतियोगिता ने खुबसुरत से बच्चों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया गया। इसके साथ ही अग्रवाल महिला मंडल के द्वारा अग्रसेन भवन में कैरिओके गायन प्रतियोगिता का अयोजन किया गया प्रतियोगिता में देश भक्ति के उपर प्रतिभागियों को गायन प्रस्तुत करना थे वहीं देश भक्ति का रंग विखरा देश के लिए अपने प्राणों को निछावर करने वाले वीर सपूतों के लिए गये गीतों ने आंखे नम कर दी देश भक्ति के जसवे के साथ यह प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने अपनी मधुर आवाज का जादू बिखेरा है। इस प्रतियोगिता में 19 प्रतिभागियो ने हिस्सा लिया।

## वीवीएम और वीवीपेट वेयर हाउस की सुरक्षा में तैनात कानिस्टेबल की संदिग्ध अवस्था में मिली लाश

### सीने में गोली लगने से हुई मौत, पुलिस ने शुरू की जांच

**कोरबा(विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ के कोरबा में कलेक्टर कार्यालय परिसर के वी वी एम और वी वी पेट वेयर हाउस की सुरक्षा में तैनात जिला पुलिस बल के एक कानिस्टेबल का शव गार्ड रूम में पाया गया है। कानिस्टेबल आरक्षक की मौत सीने में गोली लगने से हुई है। मामला संदिग्ध है। कानिस्टेबल ने आत्महत्या की है, दुर्घटनावश गोली चली है या कोई और घटना हुई है इसका खुलासा पुलिस जांच के बाद ही होगा। पुलिस सूत्रों के अनुसार जिला पुलिस बल में कानिस्टेबल ललित सोनवानी उम्र करीब 28 वर्ष पुलिस लाइन में पदस्थ था। पिछले कुछ समय से वह कलेक्टर कार्यालय परिसर के वी वी एम और वी वी पेट वेयर हाउस में ड्यूटी कर रहा था। सोमवार को भी वह दोपहर 02 बजे से रात 08 की शिफ्ट में वेयर हाउस में ड्यूटी पर था। दोपहर 02 बजे ललित सोनवानी ड्यूटी पर पहुंचा था। रात 08 बजे जब आर पी एफ का कानिस्टेबल ललित सोनवानी की जगह ड्यूटी के लिए वेयर हाउस पहुंचा तो उसने देखा कि ललित सोनवानी गार्ड रूम में मृत हालत में पड़ा हुआ है। उसने तत्काल इस बात की सूचना अपने अधिकारी को दी। इसके बाद आर पी एफ ने घटना की जानकारी पुलिस लाइन के प्रभारी आर आई अनथराम पैकरा को दी। पैकरा मौके पर पहुंचे और उन्होंने क्षेत्रीय पुलिस थाना सिविल लाइन को घटना से अवगत कराया। इस घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन में हड़कम्प मच गया। बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। जिला पुलिस अधीक्षक यू. उदय किरण भी मौके पर पहुंचे। घटना की सूचना जांजगीर चाम्पा जिले के निवासी मृतक के परिजनों को दे दी गई है। गार्ड रूम को पुलिस ने अपनी सुरक्षा में ले लिया है। शव का पंचनामा और पोस्टमार्टम मृतक के परिजनों के कोरबा आने के बाद मंगलवार को किया जाएगा। पुलिस ने फिलहाल घटना के सम्बंध में कोई भी जानकारी देने से इनकार कर दिया है। जांच के बाद पूरी जानकारी देने की बात कही गई है।

## भारी वाहनों पर प्रतिबंध कराने की मांग : गौरव पथ समिति ने किया चक्काजाम

### कोयला परिवहन रहा प्रभावित, प्रशासन ने कहा-गौरव पथ में लगाई जाएगी नो एंट्री



**कोरबा(विश्व परिवार)।** नगर पालिका दीपका स्थित गौरव पथ से कोयला परिवहन बंद कराने की मांग पर दीपका थाना चौक में चक्काजाम कर दिया गया। इसके साथ ही एसईसीएल दीपका खदान के साइलो को बंद करा दिया गया। इससे कोयला डिस्पेच का काम प्रभावित हुआ और दिनभर गाड़ियां खड़ी रही। एनटीपीसी को जाने वाली रैक में भी कोयला लोड नहीं हो सका। दीपका क्षेत्र के गौरव पथ में भारी वाहनों का परिचालन बंद करने की मांग लंबे समय से की जा रही है। आमरण अनशन, धरना प्रदर्शन कर शासन और प्रशासन का ध्यानाकर्षण किया गया। एसडीएम कटघोरा ने टीम गठित कर वैकल्पिक मार्ग के लिए स्थल निरीक्षण करने का आश्वासन दिया था, पर इस दिशा में कोई कार्रवाई नहीं की गई। दीपका नगर पालिका की विशेष सामान्य सभा में भी पालिका के सभी पार्षद और एल्डरमेन ने एकमतेन होते हुए गौरव पथ में भारी वाहनों का परिचालन बंद कर वैकल्पिक मार्ग का प्रस्ताव पारित किया है। बावजूद भारी वाहनों से मार्ग को पूर्णत: मुक्त रखने के लिए ठोस निर्णय नही लिया जा रहा है। गौरव पथ संघर्ष समिति ने चक्काजाम करने का चेतावनी दी, जिसे रोकने के लिए धरना पंडाल को तहसीलदार और पुलिस प्रशासन ने रविवार को बलपूर्वक तोड़ दिया था। उसके बावजूद दीपका गौरव पथ संघर्ष समिति के आह्वान पर सोमवार को दीपका थाना चौक में बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग इकट्ठा होकर कोयला परिवहन गाड़ियों को रोक कर सड़क पर बैठ गए। साथ ही साइलो को भी बंद करा दिया। इससे दीपका और गेवरा प्रोजेक्ट से कहीं भी कोयला परिवहन नही हो सका। तब आंदोलनकारियों से दीपका तहसीलदार विनय देवांगन और दीपका थाना प्रभारी अश्वनी राठौर चर्चा करने पहुंचे। उन्होंने चर्चा के दौरान शक्तिनगर विजय नगर होते हुए चाकाबुड़ा अन्य गंतव्य स्थान के लिए थाना चौक से वैकल्पिक बायपास मार्ग में जोड़ने के लिए गठित टीम ने निरीक्षण करने की बात कही। साथ ही गौरव पथ मार्ग पर भारी वाहनों के परिचालन पर सुबह सात से 11 बजे तक और शाम चार से सात बजे तक नो एंट्री रहने की जानकारी दी।

## लाज में युवक ने लगाई फांसी, सुसाइड नोट में पिता को पारिवार का ध्यान रखने कहा

**महासमुंद(विश्व परिवार)।** रायपुर रोड स्थित हिमांशी लॉज में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई है। यह घटना महासमुंद सिटी कोतवाली का है। मिली जानकारी के अनुसार, मृतक रितेश जैन, 39 वर्ष खल्लारी विधानसभा के ग्राम मामाभांचा का रहने वाला था। वह एक लॉज में रूका हुआ था। 'उसने दोपहर करीब दो बजे लॉज के एक कमरे में फांसी लगा ली। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। मृतक के जेब से एक सुसाइड नोट भी मिला है। सुसाइड नोट में उसने अपने पिता तिरलोकचंद को लिखा था कि, मौत के बाद मेरी पत्नी और बच्चों का ध्यान रखना। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### बिलासपुर में डायरिया से दो महिलाओं की मौत

**बिलासपुर(विश्व परिवार)।** शहर में डायरिया का प्रकोप देखने मिल रहा है। इमलीपारा इलाके में रहने वाली डायरिया से ग्रसित 2 महिलाओं की इलाज के दौरान मौत हो गयी। इसके अलावा 4 और मरीजों का निजी अस्पताल में इलाज जारी है। इलाके के 9 लोग पीड़ित हैं। महिलाओं की मौत के बाद हड़कंप मचा हुआ है। बारिश का मौसम शुरू होते ही शहर के कई इलाकों में डायरिया का प्रकोप देखने को मिलता रहा है। स्वास्थ्य विभाग इसकी रोकथाम के लिए घर-घर सर्वे कर लोगों को जागरूक कर रहा है। इससे पहले शहर में चांटीडीह समेत जिले के ग्रामीण इलाकों में डायरिया का प्रकोप दिखा था। जहां डायरिया फैलने के बाद बिगड़ती हालत को देखते हुए मरीजों को अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

### गांधी जयंती के अवसर पर जेल लोक अदालत आयोजित

**कोरबा(विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के प्लान आफएक्शन के अनुसार माह अक्टूबर 2023 में 2 अक्टूबर गांधी जयंती के अवसर पर जेल लोक अदालत का आयोजन किए जाने के निर्देश दिए गए थे। डी एल कटकवार जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा के मार्गदर्शन में जिला जेल कोरबा में अश्वनी कुमार चतुर्वेदी मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोरबा एवं श्रीमती प्रतीक्षा अग्रवाल न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कोरबा सिटी मजिस्ट्रेट कोरबा एवं उप जेल कटघोरा में रमेश कुमार चौहान न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कटघोरा की ड्यूटी जय लोक अदालत में लगाई गई थी जिसमें कुल पांच बंदियों के प्रकरण को रखा गया था जिसमें जिला जेल कोरबा से दो बंदियों को जेल लोग अदालत के अवसर पर रिहा किया गया । तथा जिला जेल के पुरुष एवं महिला बैरक में जाकर बंदियों को विधिक सहायता संबंधित जानकारी से अवगत कराया गया।

### बैग लैस डे विद्यालय माध्यमिक शाला रूनियाडीह में मोर माटी मेरा देश कार्यक्रम आयोजित

**सूरजपुर(विश्व परिवार)।** जिला कलेक्टर संजय अग्रवाल तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री लीना कोसम द्वारा प्रदत निर्देशो के परिपालन मे प्रथम बस्तामुक्त विद्यालय शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रुनियाडीह में भी मोर माटी मेरा देश कार्यक्रम आयोजित किया गया। संस्था प्रमुख सीमांचल त्रिपाठी द्वारा बताया गया कि राज्य शासन की मंशानुरुप संस्था में अध्यनरत बच्चों को उनकी संस्कृति के बारे में बताना एवं उन्हें समाज व देश के विकास में अपना योगदान देने हेतु प्रेरित करना है। आपने बताया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से समाज के आधिकाधिक लोगों तक बच्चों की पहुंच को बनाना एवं बड़े बूढ़ों से उनकी सामाजिक-सांस्कृतिक धरोहर को बड़ों से बच्चों में हस्तांतरण करने की पहल करना है। इस दौरान बच्चों को पेड़ पौधे लगाने, वृक्षारोपण के महत्व को बताने एवं पर्यावरणीय संतुलन में वृक्षों के महत्व को बताना रहा है। संस्था से रैली का आगज अंकित कुमार राजवाडे द्वारा महात्मा गांधी के वेशभूषा में किया गया। इस दौरान महापुरुषों के फोटो तथा सांस्कृतिक धरोहर के प्रतिरूप में खरही, नागर, सुपा, टुकना, खूमरी, फावड़ा बच्चों ने हाथो मे ले रखा था। रैली का समापन ग्राम के फुटबॉल मैदान में मानव श्रृंखला का निर्माण कर इंडिया लिखकर किया गया। इस दौरान संस्था में पदस्थ शिक्षक सीमांचल त्रिपाठी, रिजवान अंसारी, श्रीमती एम. टोप्पो, जन शिक्षक विजेन्द्र लाल जायसवाल सक्रिय रहे।

### मानव सेवा दल स्वयं सेवकों ने चलाया स्वच्छता अभियान

**सूरजपुर(विश्व परिवार)।** सतपाल महाराज की प्रेरणा से मानव सेवा दल छत्तीसगढ़ द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत स्थान, बस स्टैण्ड, नगर पंचायत प्रतापपुर में वृहद स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि श्री कंचन सोनी अध्यक्ष नगर पंचायत की गरिमामयी उपस्थिति में चलाया गया। जिसमें लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया गया, हमारे आसपास स्वच्छता होने से हम स्वस्थ रहते हैं और स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का वास होता है। इसलिए जरूरी है कि हमें बाहर की सफाई के साथ ही साथ अपने मन की भी सफाई की आवश्यकता है और मन की सफाई सेवा करके ही प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्री सखन आयाम, श्री सागर राम , श्री अमर देव, जूठन राम, महेश, सुरेश, बासदेव, सुपन सिंह, राजकुमार, रामचंद्र, कमल साय, ठाकुर प्रसाद, तेजन , रामकुमार, श्रीमती धनियारो देवी, ममता, जसत्ति, देवी कुमारी, सीतामुनी, शालू, मगधा, सस्तु राम,अनामिका, इत्यादि लोगों का सहयोग सराहनीय रहा।

# संपादकीय

## ये तुलना गौरतलब है

ऑक्सफोर्ड इकॉनमिक्स की ताजा रिपोर्ट का सार यह है कि भारत भले दुनिया की सर्वाधिक आबादी वाला देश बन गया हो, लेकिन जहां तक श्रम-शक्ति का बात है, तो इस क्षेत्र वह चीन से कोसों से पीछे है। ब्रिटेन की कंसल्टिंग एजेंसी ऑक्सफोर्ड इकॉनमिक्स ने भारत और चीन की श्रम-शक्ति की जो तुलना पेश की है, उसे गंभीरता से लेने की जरूरत है। इसलिए कि अगर भारत सचमुच एक आर्थिक महाशक्ति के रूप में उभरना चाहता है, जो इस तुलना जो कमियां सामने आई हैं, उन्हें दूर किए बना वह अपनी मंजिल नहीं पा सकता। ऑक्सफोर्ड इकॉनमिक्स की ताजा रिपोर्ट का सार यह है कि भारत भले दुनिया की सर्वाधिक आबादी वाला देश बन गया हो, लेकिन जहां तक श्रम-शक्ति का बात है, तो इस क्षेत्र वह चीन से कोसों से पीछे है। ये एजेंसी अनेक प्रासंगिक आंकड़ों के आधार पर इस नतीजे पर पहुंची है। मसलन, उसने ध्यान दिलाया है कि श्रम-शक्ति भागीदारी (15 से 64 वर्ष उम्र के जो लोग काम की सक्रिय तलाश में हों, उनकी संख्या) भारत में सिर्फ 51 प्रतिशत है, जबकि चीन में ये आंकड़ा 76 प्रतिशत है। और मगर महिलाओं की बात करें, तो भारत में उनकी भागीदारी तो महज 25 फीसदी है, जबकि चीन में यह आंकड़ा 71 प्रतिशत है। मगर बात सिर्फ संख्या की नहीं है। श्रमिक उत्पादकता के मामले में भारत और भी पीछे है। उत्पादकता मानव पूंजी की गुणवत्ता से तय होती है, जिसका संबंध बेहतर शिक्षा और स्वास्थ्य से है। इस मामले भारत चीन से बहुत पीछे है। मसलन, भारत में 2018 में साक्षरता दर 74 प्रतिशत थी, जबकि चीन में यह आंकड़ा 97 फीसदी था। भारत में शिक्षा की गुणवत्ता दयनीय बनी हुई है। उधर स्वास्थ्य देखभाल की स्थिति पर ध्यान दें, तो भारत में हर दस हजार आबादी पर सिर्फ 7.3 डॉक्टर उपलब्ध हैं, जबकि चीन में यह संख्या 23.9 है। जिस समय पश्चिमी और भारतीय मीडिया में भारत को चीन का विकल्प बताया जा रहा है, कहा जा सकता है कि ऑक्सफोर्ड इकॉनमिक्स ने यथार्थ के प्रति हमें सचेत किया है। उसने जो कमियां बताई हैं, उन्हें दूर कर बेशक भारत महाशक्ति बनने की ओर बढ़ सकता है। वरना, सिंगापुर के पूर्व प्रधानमंत्री ली क्वान यू की यह टिप्पणी हकीकत बनी रहेगी कि भविष्य भारत का है, लेकिन वह भविष्य हमेशा ही वर्तमान जितना ही दूर बना रहेगा।

# गुजरात से सेमीकंडक्टर उद्योग का आगाज

**राजीव चंद्रशेखर**

गुजरात स्थित साणंद में सेमीकंडक्टर संयंत्र का शिलान्यास कर भारत ने इस महीने एक और इतिहास रचा है। अरसे से सेमीकंडक्टर उद्योग लगाने का सपना अब साकार होने जा रहा है। इसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबल एवं निर्णायक नेतृत्व को जाता है। उनकी अगुवाई में केंद्र सरकार ने विगत करीब साढ़े नौ साल के दौरान अनेक ऐतिहासिक फैसले लिए हैं, जिनमें भारत को सेमीकंडक्टर राष्ट्र बनाने का निर्णय एक युगांतकारी कदम है। इससे देश में प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अवसर के नए द्वार खुलेंगे और डिजिटल अर्थव्यवस्था रफ्तार पकड़ेगी। विश्व को 'वसुधैव कुटुंबकम' की भावना से काम करने की नसीहत देने वाला भारत आज दुनिया की आर्थिक महाशक्तियों के लिए एक भरोसेमंद रणनीतिक प्रौद्योगिकी साझेदार बनकर उभरा है। भारत की प्रौद्योगिकी समर्थित-प्रगति विकासशील देशों के लिए प्रेरक बन गई है। जबकि अत्याधुनिक व उन्नत प्रौद्योगिकी लैस विकसित देश भारत के साथ साझेदारी के अवसर तलाश रहे हैं। महज एक दशक पहले भारत से विदेशी निवेशक पलायन कर रहे थे आज यह देश उनके लिए निवेश का पसंदीदा ठिकाना बन गया है। कोविड की विषम परिस्थितियों से सक्षमतापूर्वक निपटने और आर्थिक गतिविधियों दोबारा पटरी पर लाने में भारत ने जो तत्परता दिखाई वह पूरी दुनिया के लिए एक मिसाल बन गई है। महामारी के बाद बदलते वैश्विक परिदृश्य में भारत के आर्थिक विकास की तीव्र रफ्तार सबसे बड़ी वजह है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में स्थाई सरकार, जो साहसिक फैसले लेती है। गुजरात में सेमीकंडक्टर उद्योग के संयंत्र की स्थापना मोदी सरकार की इस महीने की एक और बड़ी उपलब्धि है। सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में विश्व में अग्रणी अमेरिकी कंपनी माइक्रोन द्वारा गुजरात के साणंद में अपना पहला संयंत्र के लिए 23 सितंबर को भूमि-पूजन किये जाने साथ भारत ने सेमीकंडक्टर के अपने सफर का आगाज किया। इसके दो दिन पहले 21 सितंबर को संसद ने लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 फीसदी आरक्षण के प्रावधान वाले विधेयक पर मुहर लगाकर देश की आधी आबादी की दशकों से लंबित मांग पूरी की। नये भारत की नवीन परिकल्पना और अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित नव निर्मित संसद भवन में प्रवेश हमारे लिए एक सुनहरा पल था। इस नये संसद भवन में विशेष सत्र के दौरान 'पहले विधेयक के रूप में नारी शक्ति वंदन अधिनियम को पारित करवाकर मोदी सरकार ने वाकई इतिहास रचा है। इससे



पहले 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शिल्पकारों के देवता भगवान विश्वकर्मा की जयंती पर देश के कारीगरों व शिल्पकारों के लिए पीएम विश्वकर्मा योजना का शुभारंभ किया, जिससे 18 पारंपरिक व्यवसायों को नया जीवन मिलेगा। यह संयोग है कि नये भारत के शिल्पकार आदरणीय मोदी का भी जन्म-दिन 17 सितंबर ही है। इस महीने के आरंभ में देश की राजधानी नई दिल्ली में आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान भारत की अध्यक्षता में सर्वसम्मति से स्वीकृत नई दिल्ली घोषणा-पत्र में अभूतपूर्व फैसले लिए गए। शिखर-सम्मेलन में हिस्सा लेने आए राष्ट्राध्यक्षों ने भारत के डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर का उपयोग करके शासन-व्यवस्था को सरल व पारदर्शी बनाने और नागरिकों को सशक्त करने की पहलों की खूब सराहना की। भारत ने 2025-26 तक देश की जीडीपी में डिजिटल अर्थव्यवस्था की हिस्सेदारी 20 फीसदी से अधिक करने का लक्ष्य रखा है, जिसमें इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों की महत्वपूर्ण हिस्सेदारी होगी। इलेक्ट्रॉनिक्स इकोसिस्टम में सेमीकंडक्टर का अहम स्थान है। आज इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों में इस्तेमाल होने वाले चिप का भारत आयात करता है, लेकिन जब देश में चिप बनने लगेंगे तो आयात पर निर्भरता घटेगी। इस तरह सेमीकंडक्टर उद्योग के विकास से देश में इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग को गति मिलेगी। हालांकि माइक्रोन के सेमीकंडक्टर संयंत्र का निर्माण अभी भारत में सेमीकंडक्टर उद्योग की विकास यात्रा का महज आरंभ है। लेकिन यह शुरुआत भी जिस अंदाज के साथ हुई है उससे यह अनुमान लगाया जा सकता है कि अन्य देशों के मुकाबले भारत बहुत कम समय में सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में भी आत्मनिर्भर बन सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने करीब 22 महीने पहले दिसंबर 2021 में 10 अरब डॉलर की राशि के साथ भारत सेमीकंडक्टर मिशन (आईएसएम) को मंजूरी दी थी, जो भारत के सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम को प्रोत्साहन देने की दिशा में एक व्यापक दशकीय रोडमैप है। इस 10 साल में महज 10 अरब डॉलर की राशि से हमने जितना हासिल करने का लक्ष्य रखा है उतना चीन 200 अरब डॉलर खर्च करके 30 साल में भी नहीं कर पाया है। हमारा मकसद भारत को वैश्विक मानचित्र पर ऐसे सेमीकंडक्टर राष्ट्र के रूप में स्थापित करना है जो न सिर्फ अपनी घरेलू जरूरतों की पूर्ति करेगा बल्कि दुनिया की आपूर्ति श्रृंखला में अहम योगदान करेगा। दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी सेमीकंडक्टर कंपनी माइक्रोन ने भारत में अपनी विनिर्माण इकाई स्थापित करने की घोषणा के महज तीन महीने बाद यहां संयंत्र निर्माण का काम शुरू कर दिया है। साणंद में जीआईडीसी-2 औद्योगिक क्षेत्र स्थित करीब 93 एकड़ के क्षेत्र कंपनी अपनी असेंबली, टेस्टिंग, मार्किंग और पैकेजिंग (एटीएमपी) केंद्र का निर्माण करेगी जिसे तैयार होने में करीब 18 महीने लग सकता है। बहरहाल, माइक्रोन पास में 10 एकड़ के परिसर स्थित एक फैक्टरी का अधिग्रहण करके पाइलट के तौर पर उसे अपनी एटीएमपी सुविधा के रूप में तैयार कर रही है।

# डोनाल्ड ट्रंप की बढ़त पर झटके लगातार!

**श्रुति व्यास**

रिपब्लिकन पार्टी की दूसरी प्रायमरी डिबेट में डोनाल्ड ट्रंप एक बार फिर गैर-मौजूद थे। दूसरे उम्मीदवारों ने उनके गायब रहने पर गुस्सा, नाराज़गी और झुंझलाहट जाहिर की। लेकिन इसके बाद भी, व्हाईट हाउस का अगला किरायेदार बनने के सातों रिपब्लिकन आकांक्षी मिलकर भी डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ माहौल बनाने में नाकामयाब रहे। पूर्व राष्ट्रपति अभी भी दौड़ में सबसे आगे हैं और उन्हें पसंद करने वालों की संख्या न सिर्फ रिपब्लिकनों में सबसे ज्यादा है बल्कि वे जो बाइडन से भी आगे हैं। डेसांटिस ङ्क जिनके बारे में कहा जाता है कि वे इस दौड़ में दूसरे नंबर पर हैं ङ्क ने ट्रंप का मज़ाक बनाते हुए उन्हें 'मिसिंग इन एक्शन' बताया। डेसांटिस ने कहा, ऌउन्हें आज इस मंच पर मौजूद होना चाहिए था। उनका फ़र्ज़ है कि आपको बताएं कि उन्होंने जो कुछ किया वह क्यों किया।ऌ लेकिन इस बात पर वहां मौजूद लोगों पर कोई असर नहीं पड़ा। हालांकि ट्रंप चार गंभीर आपराधिक प्रकरणों में 91 मुकदमों का सामना कर रहे हैं, इसके बावजूद रिपब्लिकन पार्टी की प्रायमरी के अन्य उम्मीदवार जनमत सर्वेक्षणों में उनकी अच्छी-खासी बढ़त को कम करने में नाकामयाब रहे हैं। एनबीसी न्यूज द्वारा इस माह करवाए गए एक जनमत सर्वेक्षण के अनुसार जिन मतदाताओं के प्रायमरी में रिपब्लिकन पार्टी का समर्थन करने की संभावना है, उनमें से 59 प्रतिशत ट्रंप का समर्थन कर रहे हैं, जिसका मतलब यह है कि उन्हें डेसांटिस पर 43 पाईंट की बढ़त हासिल है। ट्रंप और डिसांटिस के अलावा रिपब्लिकन पार्टी के सभी प्रायमरी उम्मीदवारों को 10 से कम प्रतिशत मतदाताओं का समर्थन मिल पा रहा है। इस बीच ट्रंप का इरादा अगली डिबेट में भी भाग न लेने का है। वे इसकी बजाए रैलियां कर रहे हैं। जैसे एक रैली उन्होंने मिशिगन में की जहां वाहन कारखानों के मजदूर तनख्वाह में बढोत्तरी की मांग को लेकर हड़ताल पर हैं। एक दिन पहले जो बाइडन भी इन हड़ताली कर्मियों के धरना स्थल पहुंचे थे। ऐसा लगा मानों यह 2024 के चुनाव का प्रीव्यू था। लेकिन भले ही जनता पर ट्रंप की मजबूत पकड़ कायम हो, उनकी कानूनी झंझटें बढ़ रही हैं और वे अदालती मामलों में उलझे हुए हैं। उन्हें सच का सामना करना ही होगा। हाल में न्यूयार्क के एक न्यायाधीश ने फैसला दिया कि पूर्व राष्ट्रपति का व्यापारिक साम्राज्य बड़े पैमाने पर की गई धोखाधड़ी और जबरदस्त झूठ की नींव पर खड़ा किया गया है। न्यायाधीश ने न्यूयार्क के एटार्नी जनरल लेटीशा जेम्स को सही ठहराया जिन्होंने पूर्व राष्ट्रपति के खिलाफ एक दीवानी मुकदमा दायर किया है। दंडस्वरूप न्यायाधीश आर्थर एफ एंगोरान ने ट्रंप टावर और सेन्ट्रल पार्क के सामने स्थित ट्रंप इंटरनेशनल होटल का संचालन करने के ट्रंप के लाईसेंस को तो लगभग निरस्त कर ही दिया, उनके पारिवारिक व्यापारिक साम्राज्य, जिसे उन्होंने पिछली आधी सदी में बनाया है, का काफी बड़ा



हिस्सा भी खतरे में आ गया है। इस फैसले से न्यूयार्क का उनका ज्यादातर कारोबार अधर में लटक जाएगा। विशेषज्ञों का मानना है कि इस फैसले का ट्रंप के व्यवसाय पर बहुत घातक असर होगा और उनका रियल एस्टेट साम्राज्य ताश के पत्तों के महल की तरह ढह सकता है। न्यायाधीश एंगोरान के आदेश का यह नतीजा भी हो सकता है कि ट्रंप आर्गेनाईजेशन ही खत्म हो जाए, उन्हें अपनी बहुत सी अचल सम्पत्ति बेचने पर बाध्य होना पड़े और न्यूयार्क में उनका कारोबार बंद हो जाए। इसका यह भी अर्थ है कि भले ही संपत्तियों पर उनका स्वामित्व बना रहे लेकिन न तो ट्रंप और ना ही उनके दो पुत्र ङ्क डोनाल्ड जूनियर और एरिक ट्रंप, जिन्हें भी इस मामले भी आरोपी बनाया गया है ङ्कअदालत की अनुमति के बिना अपना व्यापार नहीं चला पाएंगे। इस घटनाक्रम पर ट्रंप ने अपने विशिष्ट अंदाज में आक्रामक प्रतिक्रिया दी। किसी भी प्रकार की अनियमितता के आरोपों को खारिज करते हुए उन्होंने एटार्नी जनरल लेटीशा जेम्स और न्यायाधीश एंगोरान पर हमला करते हुए कहा कि ये दोनों डेमोक्रेट हैं। मंगलवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में ट्रंप ने न्यायाधीश एंगोरान को 'विक्षिप्त' बताया। न्यूयार्क का प्रकरण ट्रंप के लिए सबसे बड़ा झटका माना जा रहा है क्योंकि इससे उनकी प्रतिष्ठा और उनकी मानसिक स्थिति दोनों पर गंभीर दुष्प्रभाव हुआ है। उनका दावा है कि यह प्रकरण उनकी राजनैतिक प्रताड़ना का परिणाम है और उनके कुछ समर्थकों को यह सही लगेगा, लेकिन यदि धोखाधड़ी के प्रमाण मिल गए तो ट्रंप के लिए आरोपों से राजनैतिक लाभ उठाना मुश्किल हो जाएगा। ट्रम्प कई दशकों से यह सब करते रहे और पकड़े नहीं गए। नतीजे में उन के मन से डर एकदम निकल गया। उनका और उनके विरोधियों दोनों का मानना था कि इस बात की संभावना बहुत कम है कि जज उन्हें सज़ा देगा। न्यायाधीश एंगोरान ने अपना फैसला सुनाते हुए कहा ''यह सपनों की दुनिया है, असली दुनिया नहीं है।डोनाल्ड ट्रंप को अंतत: असली दुनिया का स्वाद चखना पड़ रहा है और हो सकता है कि रिपब्लिकनों की तीसरी डिबेट तक स्थिति और कठिन, और बुरी हो जाए।

**विचार**

# चुनाव के सीजन में विश्व कप क्रिकेट

भारत में चुनावों का सीजन शुरू होने वाला है। चुनाव आयोग किसी भी समय पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों की घोषणा कर सकता है। पांच राज्यों के चुनाव खत्म होने के साथ ही लोकसभा चुनाव की तैयारियां शुरू हो जाएंगी। उससे पहले अक्टूबर-नवंबर में पांच राज्यों के चुनाव होंगे और चुनावों के बीच विश्व कप क्रिकेट के मुकाबले चल रहे होंगे। हालांकि चुनावी राज्यों में सिर्फ तेलंगाना के हैदराबाद में मैच रखे गए हैं। राजस्थान, मध्य प्रदेश में कोई मैच नहीं खेला जाना है। फिर भी विश्व कप क्रिकेट मुकाबले का आयोजन बड़े राजनीतिक महत्व का होने वाला है। इससे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार की विश्वगुरू की इमेज को और मजबूत किया जाएगा। चार अक्टूबर को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में एक रंगारंग कार्यक्रम में विश्व कप मुकाबले का आगाज होना है। बताया जा रहा है कि भारतीय सभ्यता और परंपराओं के मुताबिक स्टेडियम और पूरे शहर को सजाया जा रहा है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने पूरे कार्यक्रम को गोपनीय रखा है। लेकिन जानकार सूत्रों के मुताबिक कार्यक्रम को ग्रैंड बनाने के लिए सारी तैयारी हो रही है। बड़ा सवाल यह है कि क्या उद्घाटन समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हिस्सा लेंगे या केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह हिस्सा लेंगे? यह दुनिया का सबसे बड़ा स्टेडियम है, जिसे प्रधानमंत्री का नाम दिया गया है। अगर चार अक्टूबर को उद्घाटन समारोह में प्रधानमंत्री मौजूद रहते हैं और सभी 10 देशों के कप्तानों के साथ उनके वीडियो और तस्वीरें जारी होती हैं तो सोचें कैसा असर होगा? अगले दिन यानी पांच अक्टूबर को पहला मैच होगा। उस दिन पहली पहली गेंद फेंके जाते समय भी सरकार के शीर्ष नेताओं की मौजूदगी हो सकती है। विश्व कप का फाइनल मैच 19 नवंबर को होने वाला है और वह भी अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में ही होगा। बताया जा रहा है कि फाइनल मैच देखने के लिए ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक भारत आ सकते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले दिनों अपनी ऑस्ट्रेलिया यात्रा में वहां के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज को विश्व कप मैच देखने के लिए भारत आने का न्योता दिया था। सो, अल्बनीज भी भारत के दौरे पर आ सकते हैं। सोचें, साल के अंत में ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री भारत आते हैं और उसके बाद नए साल के पहले महीने में यानी जनवरी में अमेरिकी राष्ट्रपति सहित क्वाड के चार देशों के राष्ट्राध्यक्ष भारत की यात्रा पर आते हैं और जो बाइडेन गणतंत्र दिवस पर मुख्य अतिथि बनते हैं तो उसका कैसा मैसेज बनेगा? भारतीय दर्शकों के लिए क्रिकेट के विश्व कप का मतलब होता है भारत और पाकिस्तान का मुकाबला। अब तक विश्व कप में भारत पाकिस्तान को हराता आया है। इस बार भारत और पाकिस्तान का मैच 14 अक्टूबर को है और हैरानी नहीं है कि वह भी क्रिकेट की नई राजधानी अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में है। उद्घाटन समारोह, भारत-पाकिस्तान मैच और फाइनल मैच का मौका राजनीति को साधने वाला साबित हो सकता है।

## 'इंडिया' के नेता न समझें हैं, न समझेंगे!

गौर करें राहुल गांधी पर। इन दिनों क्या कर रहे है? रेलवे स्टेशन जा कर कुलियों के बीच बैठ, सिर पर सामान की पोटली उठा भरोसा दिला रहे है कि वे रेलवे को नहीं बिकने देंगे! फर्नीचर मार्केट में जाकर आरी और रंदा चला रहे हैं। समझ नहीं आता कि खड़गे, राहुल-प्रियंका व 'इंडिया' के नीतीश कुमार, अखिलेश, केजरीवाल आदि इन सबके कौन हैं सलाहकार। इतना भी नहीं देख-बूझ रहे हैं कि नरेंद्र मोदी के नैरेटिव, प्रोपेगेंडा, झूठ के पैमाने चंद्रलोक, सूर्यलोक, विश्वगुरूता के हैं वही राहुल, नीतीश, केजरीवाल छोटी-छोटी बातों, रेवड़ियों के वादों, झूठ के सामान्य प्रोपेगेंडा से मोदी को हराने के सपने देख रहे हैं। सुना था कि विपक्ष की बैठक में कांग्रेस और केजरीवाल की मीडिया-सोशल मीडिया टीम में कोऑर्डिनेशन और साझा रणनीति का फैसला हुआ था। पर ऐसा होता तो पिछड़ों के आरक्षण, जाति जनगणना में आरक्षण, कुलियों व रेल यात्रियों के बीच फोटोशूट जैसी बातें, जैसे झांसे, छोटे-छोटे झूठ और वादे क्या राहुल गांधी, नीतीश, केजरीवाल करते? तुलना करें नरेंद्र मोदी के विश्व नेताओं के संग के फोटोशूट बनाम राहुल गांधी के कुलियों के संग फोटो पर? सपने देखने वाली, मुंगेरीलाल हिंदू लोगों में मोदी के फोटो सुपर हिट हुए होंगे या राहुल गांधी के?

# न्यायपालिका का सकारात्मक हस्तक्षेप...

**अजीत द्विवेदी**

सर्वोच्च अदालत ने विधायिका की शुचिता को ध्यान में रखते हुए एक बड़ा सकारात्मक हस्तक्षेप किया है। सुप्रीम कोर्ट ने तय किया है कि चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली सात सदस्यों की एक संविधान पीठ इस बात पर विचार करेगी कि सदन के अंदर रिश्वत लेने पर सांसद या विधायक को मुकदमे से मिलने वाली छूट जारी रहनी चाहिए या उसे खत्म कर दिया जाए? यह बेहद महत्वपूर्ण सवाल है, जो राजनीति की नैतिकता से जुड़ा है। सुप्रीम कोर्ट के पांच जजों की बेंच ने इस सवाल पर विचार किया था और संविधान के अनुच्छेद 105 (2) और 194 (2) के तहत सांसदों को मिली छूट को बरकरार रखा था। पांच जजों की बेंच ने 1998 में अपना फैसला सुनाया था और पिछले 25 साल से यह नजीर है। अब सात जजों की बेंच इस फैसले पर पुनर्विचार करेगी। यह एक संयोग है कि जिस विवाद के बाद पांच जजों की बेंच ने इस सवाल पर विचार किया था और जिस विवाद के बाद अब सात जजों की बेंच इसी सवाल पर फिर से विचार करेगी वो दोनों विवाद झारखंड मुक्ति मोर्चा से जुड़े हैं। पहला मामला 1993 का है, जब केंद्र की पीवी नरसिंह राव सरकार को बचाने के लिए झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक शिबू सोरेन सहित पांच सांसदों ने कथित तौर पर रिश्वत ली थी। इस मामले में सर्वोच्च अदालत ने सांसदों को मिले संसदीय विशेषाधिकार का हवाला देकर उनके खिलाफ आपराधिक मुकदमा चलाने की अनुमति देने से इनकार कर दिया था। यह फैसला 1998 में आया था और पिछले 25 साल से इसे संवैधानिक प्रावधानों के साथ मिला कर देखा जाता है। दूसरा मामला, जिसके बाद सात जजों की संविधान पीठ बनाई गई है, झारखंड मुक्ति मोर्चा की विधायक सीता सोरेन का है। आरोप है कि जामा विधानसभा सीट की विधायक के तौर पर उन्होंने 2012 में राज्यसभा चुनाव में एक खास उम्मीदवार के पक्ष में मतदान करने के लिए पैसे लिए थे। जब इस मामले की सीबीआई जांच की मांग हुई तब सीता सोरेन ने सुप्रीम कोर्ट के 1998 के फैसले का हवाला दिया था और कहा था कि सांसदों और विधायकों को सदन के अंदर किए गए



किसी भी काम या भाषण के लिए आपराधिक मुकदमे से छूट मिली हुई है। तभी से यह मामला विचारधीन है और 2019 में तब के चीफ जस्टिस रंजन गोगोई ने इसे व्यापक प्रभाव और सार्वजनिक महत्व का बताते हुए पांच जजों की बेंच के सामने भेजा था। अब चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की बेंच ने भी कहा है कि यह राजनीतिक नैतिकता पर प्रभाव डालने वाला महत्वपूर्ण मुद्दा है इसलिए इस पर बड़ी बेंच को सुनवाई करना चाहिए। इसके बाद सात जजों की बेंच का गठन कर दिया गया। इस मसले पर सात जजों की संविधान पीठ का विचार करना एक नए दौर की शुरुआत का संकेत है। यह स्पष्ट रूप से विधायिका के अधिकारों में न्यायपालिका का हस्तक्षेप है तभी केंद्र सरकार की ओर से देश के सबसे बड़े कानून अधिकारी वेंकटरमणी ने इसका विरोध किया। इस मामले में संवैधानिक स्थिति चाहे जो हो सार्वजनिक जीवन से जुड़ी नैतिकता की कसौटी पर यह सही नहीं है। किसी भी प्रावधान के तहत किसी सांसद या विधायक को रिश्वत लेने की छूट कैसे दी जा सकती है? वैचारिक विचलन का मामला अलग है लेकिन रिश्वत लेना तो विशुद्ध रूप से भ्रष्टाचार का मामला है, जिसे अगर विधायिका के अंदर छूट दी गई तो बाहर कैसे साफ-सुथरा शासन, प्रशासन सुनिश्चित किया जा सकेगा? तर्क के लिए कहा जा सकता है कि केंद्र की मनमोहन सिंह की सरकार के समय कई सांसदों पर पैसे लेकर सवाल पूछने का आरोप लगा था। एक स्टिंग ऑपरेशन की वीडियो में कई सांसद प्रश्न पूछने के लिए पैसे लेते दिखाए गए थे और संसद ने उनकी सबकी सदस्यता खत्म कर दी थी। लेकिन रिश्वत लेने के आरोप में सदस्यता समाप्त करना और आगे उनके चुनाव लड़ने पर रोक नहीं लगाना कोई सजा नहीं है। एक लोक सेवक को रिश्वत लेने के आरोप में जो सजा होती है वह सजा होनी चाहिए। तभी आम सरकारी सेवकों के लिए नजीर बनेगी। इसलिए सुप्रीम कोर्ट की यह पहल एक सकारात्मक हस्तक्षेप है। अगर अदालत सुनवाई के दौरान इसका दायरा बढ़ाए और सांसदों व विधायकों को आपराधिक अभियोजन से मिली छूट के सभी पहलुओं पर विचार करे तो ज्यादा बेहतर होगा। ऐसा इसलिए जरूरी लगता है क्योंकि नए संसद भवन के पहले सत्र में ही भाजपा के एक सांसद ने बहुजन समाज पार्टी के एक सांसद के ऊपर बेहद आपत्तिजनक और अभद्र टिप्पणियां कीं। उनको भी संविधान के अनुच्छेद 105 (2) और 194 (2) के तहत किसी भी आपराधिक अभियोजन से छूट मिली हुई है। सात जजों की संविधान पीठ को इस मसले पर भी विचार करना चाहिए। रिश्वत का मामला निश्चित रूप से ज्याद महत्वपूर्ण है लेकिन सांसदों का आचरण भी कम अहम नहीं है। उन्होंने एक धर्म विशेष के सांसद के लिए जैसे विशेषणों का इस्तेमाल किया है अगर उसके लिए उनके ऊपर कार्रवाई नहीं होती है तो इससे समाज में ऐसे विशेषणों के इस्तेमाल को स्वीकृति मिलेगी, जो देश की सामाजिक संरचना के लिए ठीक नहीं है। इसलिए रिश्वत के साथ साथ दूसरे मसलों पर विचार किया जाना चाहिए। इस मामले में जरूरी यह है कि देश की सरकार और विधायिका दोनों इसे सकारात्मक तरीके से लें और इसे न्यायपालिका बनाम कार्यपालिका और विधायिका का मुद्दा न बनाएं। ध्यान रहे पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र के स्पीकर को निर्देश दिया । था कि शिव सेना के विधायकों की अयोग्यता के मामले में जल्दी फैसला करें तो उन्होंने दो टूक अंदाज में कहा कि वे न जल्दी फैसला करेंगे और न देरी करेंगे। सोचें, सुप्रीम कोर्ट ने 11 मई को इस मामले में फैसला सुनाया था और विधायकों की अयोग्यता का मामला स्पीकर पर छोड़ा था। अदालत ने संवैधानिक प्रावधानों का बराबर ख्याल रखा लेकिन स्पीकर ने क्या किया? उन्होंने चार महीने तक इस पर कोई सुनवाई नहीं की। जब मामला दोबारा सुप्रीम कोर्ट में पहुंचा तो उन्होंने आनन फानन में एक सुनवाई कर डाली। तब जाकर सुप्रीम कोर्ट ने 17 सितंबर को नाराजगी जताते हुए कहा कि स्पीकर मामले को अनिश्चितकाल के लिए नहीं टाल सकते हैं। इस तरह की टिप्पणी अदालत ने महाराष्ट्र के ही राज्यपाल रहे भगत सिंह कोश्यारी के लिए भी की थी, जब उन्होंने राज्य सरकार की ओर से विधान परिषद में नामित करने के लिए भेजे गए 12 नामों को एक साल से ज्यादा समय तक रोके रखा था। हालांकि अदालत के कहने के बावजूद राज्यपाल ने नामों को मंजूरी नहीं दी थी। यह सही है कि ऐसे मामले में राज्यपाल को और विधायकों की अयोग्यता के मामले में स्पीकर के फैसला करने के लिए कोई समय सीमा तय नहीं की गई है लेकिन अनंतकाल तक ऐसे मुद्दों को लंबित रखना भी एक किस्म का भ्रष्टाचार है। ऐसे मामलों में अगर अदालत कोई टिप्पणी करती है तो उसे सरकार को टकराव का मुद्दा नहीं बनाना चाहिए। इस बीच एक और अच्छी बात यह हुई है कि चीफ जस्टिस ने एक स्थायी संविधान पीठ बनाने की बात कही है ताकि संवैधानिक मसलों पर जल्दी सुनवाई हो सके। बदलते हुए समय के साथ इस तरह की व्यवस्था अंतत: विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका तीनों को मजबूती देगी।

दैनिक
# विश्व परिवार

रायपुर/धर्म समाज/देश

रायपुर, गुरुवार 05 अक्टूबर 2023

www.dvpnews.in
vishwapariwarraipur@gmail.com



## जिनेंद्र भगवान की प्रतिमा के दर्शन, अभिषेक, पूजन, भक्ति कर श्रेष्ठतम मानव जीवन को सार्थक करें : आचार्य श्री वर्धमान सागर जी महाराज

**उदयपुर ( विश्व परिवार )।** तत्वार्थ सूत्र के पहले सूत्र अनुसार सम्यक दर्शन, सम्यक ज्ञान, सम्यक चारित्र रतन त्रय मोक्ष मार्ग का पहला कदम है। पहले कदम



के बाद दूसरा कदम, फिर तीसरा कदम अगले कदम चलते-चलते आप रत्नत्रय धर्म को प्राप्त कर निर्वाण तक सिद्धालय जा सकते हैं। पूजन किस प्रकार करना चाहिए, दर्शन किस प्रकार करना चाहिए यह श्रावक के मूल कर्तव्य हैं। भगवान के दर्शन अभिषेक में भगवान के गुणों का स्तवन करना चाहिए, कि जिस प्रकार आप केवल ज्ञानी है, मैं भी यही चाहता हूं कि आपकी भांति संसार को जीतकर मुक्त होकर जयवंत बनू।जिन दर्शन, पूजन में भगवान का मन वचन काय से गुणगान करें। जिनालय में श्रेष्ठ मानव कुल का मन रखें क्योंकि भगवान के अवलंबन से आपको धर्म चेतना प्राप्त होगी इसी से सम्यक दर्शन, सम्यक ज्ञान, सम्यक चारित्र प्राप्त होगा। यह मंगल देशना आचार्य श्री वर्धमान सागर जी ने हूमड़ भवन उदयपुर की धर्म सभा में प्रगट की। आचार्य श्री ने प्रवचन में बताया कि 16 कारण पर्व 10 लक्षण पर्व धार्मिक त्योहार में आपको धर्म देखने, श्रवण करने और समझने का अवसर मिला। श्रेष्ठतम से श्रेष्ठतम मानव जन्म प्राप्त किया है, जिनेंद्र भगवान और जिन शासन, जिन धर्म कई जन्मों के संचित पुण्य से प्राप्त हुआ है। भगवान के दर्शन कर दर्पण रूपी स्वरूप का चिंतन करें और भगवान से प्रार्थना करें कि मैं संसार के परिभ्रमण से थक गया हूं, मेरे कर्मों, बुराइयों का नाश हो आचार्य श्री ने कथानक के माध्यम से बताया कि सम्मेद शिखर की यात्रा में एक श्रावक ने स्वर्ण भद्र कुट कुट पर यही प्रार्थना की मेरा सर्व विनाश हो जावे अर्थात मेरी बुराइयों का मेरे कर्मों का नाश हो। -**राजेश पंचोलिया**

## पूर्वाग्रह के पक्ष को छोड़ो : मुनिश्री संधानसागर जी महाराज

**एलोरा ( विश्व परिवार )।** संत शिरोमणि आचार्यश्री 108 विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य ओजस्वी वक्ता मुनिश्री 108 संधानसागर जी महाराज के दर्शनार्थ पहाड़ पर कुछ साधक छात्र पहुंचे। महाराज जी के दर्शन कर वे सभी साधक वहीं बैठ गये। तब उन लाल वस्त्रधारियों को भगवान श्रीराम जी की कक्षा सुनाते हुए कहा कि जिसने पूर्वाग्रह के पक्ष को छोड़ा प्रभु ने उसे गोद में उठाया। अपने पक्ष को जो नहीं छोड़ता वह एकान्त का समर्थक हो हास्य का पात्र भी बन जाता है। भगवान महावीर स्वामी ने एकान्त को छोड़ने एवं अनेकान्त को अपनाने की बात कही। अनेकान्त में किसी एक पक्ष का समर्थन नहीं सबका समर्थन होता है। एकान्त जहां-झगड़ा वहां। मुनिश्री जी ने कहा कि एकान्त में रहो पर बात अनेकान्त की करो।



**मुनिश्री संधानसागर जी महाराज 10 दिन की साधना के लिए पहाड़ पर :** संत शिरोमणि आचार्यश्री 108 विद्यासागर जी महाराज के परम तपस्वी शिष्य युवा तरूणाई के प्रखर वक्ता मुनिश्री 108 संधानसागर जी महाराज पर्वराज पर्युषण पर्व में आयोजित आराधना साधना प्रयोगशाला एवं 2 अक्टूबर के सार्वजनिक प्रवचन के बाद सीधे पहाड़ पर चले गये। पूज्य मुनिश्री एलोरा पहाड़ की गुफाओं में साधना कर रहे हैं। लगभग 10 दिन वे ऊपर पहाड़ पर ही रहेंगे। मात्र आहार हेतु नीचे तलहटी में आयेंगे। पूज्य मुनिश्री प्रतिदिन आहार लेकर पुनः पहाड़ पर चले जाते हैं, वे 24 घण्टे वहीं ऊपर ही रहते हैं। प्राकृतिक सौन्दर्य के बीच, एकान्त साधना का पुरा लाभ इन दिनों पूज्य मुनिश्री जी उठा रहे हैं। -**विद्यावाणी संकलन**

## क्षुल्लक जी ऐश्वर्यसागर जी को निर्ग्रंथ मुनी दीक्षा एवं सोनागिर जी में समाधिमरण

**चिकलठाणा ( विश्व परिवार )।** गत मंगलवार को सिद्ध क्षेत्र सोनागिर में, वात्सल्य मुर्ती आचार्य मुनी श्री-पुण्य सागर जी के सान्निध्य मे क्षुल्लक जी- ऐश्वर्य सागर जी महाराज को निर्ग्रंथ मिनी दिक्षा प्रदान कर, यम सल्लेखना धारण कर, समाधि प्राप्त कर मोक्ष मार्ग प्रशस्त किया।

मुनी ऐश्वर्य सागर जी, मराठवाडा सम्भाग के बीड जिले के गेवराई के निवासी थे। आपने इंजीनियर की उपाधि प्राप्त की थी, किंतु धार्मिक स्वभाव के होने कारण आपको सारस्वताचार्य मुनी देवाणंदी जी, भारत गौरव आचार्य गुप्तीनंदी जी, आचार्य वर्धमान सागर जी महाराज जी का सान्निध्य भी प्राप्त हुआ । तीर्थ क्षेत्र श्रवण बेल्गोला में हूए महामस्तकाभिषेक के समय आणवले



एक हजार से अधिक मुनि, आर्यिकाए, त्यागियो की आपने जो सफलता पूर्वक व्यवस्था की वह तारीफ-ए-काबिल थी। समय-समय पर समाज को आपका सहयोग मिलता रहा। साप्ताहिक जैन गजट के यशस्वी प्रधान सम्पादक, पं. भरत कुमार जी काला, मुंबई आपने एक साथ दिक्षा ली थी।

आपका गृहस्थाश्रम नाम श्रीपाल दीपचंद जी गंगवाल था। गेवराई में आपने महावीर नगर निर्माण कर आनेवाले मुनि, आर्यिकाए, त्यागियों की व्यवस्था की सरस्वती मदिर का निर्माण किया। चिकलठाणा निवासी, चन्दुलाल जी पाटणी ने हस्तलिखीत ग्रंथ का प्रकाशीत करना चाहते थे, किंतु वह ग्रंथ उपलब्ध न होने से, वे व्यथित थे।

**आचार्य मुनिश्री गुप्ती नंदी जी श्रद्धांजलि :** भारत गौरव, धर्म तीर्थ प्रणेता, आचार्य गुप्ती नंदीजी ने उन्हें भाव-भीनी श्रध्दांजलि अर्पित करते हूए मुनिश्री ऐश्वर्यसगर्जी महाराज के धार्मिक कार्यो की प्रशंसा की और समाज का महान रत्न बताया। वे समाजसेवी, पत्रकार, सा. जैन गजट के राष्ट्रिय, प्रतिनिघी एम.सी.जैन के परम स्नेही थे। -एम सी जैन

## संक्षिप्त समाचार

### अमलीडीह शारदीय नवरात्रि पर सोलंकी को मिला आमंत्रण



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** महात्मा गांधी नगर गली नंबर-13 अमलीडीह के निवासियों द्वारा छत्तीसगढ़ व्यापार प्रकोष्ठ भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य एवं टीम मोदी सपोर्टर संघ के अध्यक्ष चन्द्रकांत भाई सोलंकी के निवास पर आकर शारदीय नवरात्रि में मूर्ति स्थापना की पुजा अर्चना करने एवं आशीर्वाद ग्रहण करने सादर निमंत्रण देकर उपस्थित होने का आग्रह किया । जिस पर श्री सोलंकी ने इस धार्मिक आयोजन की अग्रिम शुभकामनाएं भेंट करते हुए अपनी उपस्थिति हेतु उन्हें आश्वासन दिया एवं उनका आभार व्यक्त किया।

### भाटापारा विधानसभा क्षेत्र में पिछड़ा वर्ग प्रत्याशी की चयन से कांग्रेस की जीत निश्चित

**भाटापारा ( विश्व परिवार )।** विधानसभा क्षेत्र भाटापारा से भारतीय



राष्ट्रीय कांग्रेस के डॉ. पूरन लाल वर्मा ,डॉक्टर के. के. नायक, श्रीमती रानी राजेंद्र वर्मा, चैतराम साहू या अभिनव यदु में से किसी के भी प्रत्याशी चयनित होने पर विधानसभा भाटापारा से भाजपा के शिवरतन शर्मा के प्रत्याशी बनने की स्थिति में जन-जन में चर्चा है कि इस बार कांग्रेस की जीत सुनिश्चित है क्योंकि जनता परिवर्तन चाहती है। इस स्थिति को देखते हुए पिछड़ा वर्ग से डॉ. पूरन लाल वर्मा जैसे स्वच्छ छवि वाले कार्यकर्ता को भाटापारा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-46 से कांग्रेस के विधायक प्रत्याशी हेतु प्रबल दावेदार माना जा रहा है।

### कलेक्टर ने दी जानकारी विधानसभा निर्वाचन 2023 के मतदाता सूची का किया गया प्रकाशन

**जशपुरनगर ( विश्व परिवार )।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शिता के साथ आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2023 की तैयारियों के तहत् कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. रवि मित्तल ने आज कलेक्ट्रेट सभा कक्ष प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से मतदाता सूची का प्रकाशन की जानकारी दी। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री आई.एल.ठाकुर, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आर.पी. चौहान एवं जिले के पत्रकारगण उपस्थित थे। कलेक्टर ने डॉ. रवि मित्तल ने जानकारी देते हुए बताया कि विधान सभा 12-जशपुर में 117634 पुरूष एवं 119290 महिला मतदाता हैं। इसी प्रकार विधान सभा 13-कुनकुरी में 100244 पुरूष एवं 104502 महिलाएं और विधान सभा 14-पत्थलगांव में 110699 पुरूष एवं 115542 महिला मतदाता हैं। जिले में कुल 878 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। इनमें विधान सभा जशपुर में 325, कुनकुरी में 278 एवं पत्थलगांव में 275 मतदान केन्द्र हैं। जिले में 6519 दिव्यांग एवं 80 वर्ष से अधिक मतदाताओं की संख्या 5965 हैं।

### महिला अत्याचार पर मुखर हुई महिला शिवसेना, किया प्रदर्शन




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** शिवसेना छत्तीसगढ़ उद्धव वाला साहब ठाकरे की रायपुर महिला इकाई के द्वारा जस्तम्भ चौक में किया धरना प्रदर्शन। महिला शिवसेना की प्रदेश अध्यक्ष ज्योति सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ जैसे शांत प्रदेश में महिला अत्याचार में बढ़ोतरी चिंताजनक है । उक्त संबंध में शिवसेना की महिला इकाई द्वारा स्थानीय जय स्तम्भ चौक में उग्र प्रदर्शन करते हुए पुलिस प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया।

### मनप्रीत कौर अरोरा का निधन



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** पंडरी, गोविंद नगर निवासी सरदारनी मनप्रीत कौर अरोरा का आकस्मिक निधन 4 अक्टूबर को हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 5 अक्टूबर, दिन गुरूवार को सुबह 11 बजे उनके निवास स्थान से देवेन्द्र नगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे गुरविंदर सिंह अरोरा की पत्नी एवं हरदीप सिंह अरोरा की माता थी।

## अपनी वाणी को खजूर की तरह मीठी और गुस्से को फूल की तरह हल्का रखें : प्रवीण ऋषि

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** लेश्या, या जिसे सरल भाषा में आभामंडल या औरा (aura) कहते है यह व्यक्ति की अंतरात्मा में तरंगें पैदा कर देती है। जिस व्यक्ति का आभामंडल सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर रहता है, लोग उसके प्रति आकर्षित होते हैं। वहीं जिसका आभामंडल नकारात्मक ऊर्जा से भरा होता है, उससे लोग दूर भागते है। लालगंगा पटवा भवन में उपाध्याय प्रवर प्रवीण ऋषि लेश्या वे विज्ञान का ज्ञान दे रहे हैं। प्रवचन माला में अब तक प्रवीण ऋषि ने नीच लेश्या, या कहें नकारात्मक औरा के बारे में बताया। उपाध्याय प्रवर अब उच्चा लेश्या (सकारात्मक औरा) का वर्णन कर रहे हैं। उक्ताशय की जानकारी रायपुर श्रमण संघ के अध्यक्ष ललित पटवा ने दी।



बुधवार को उपाध्याय प्रवर ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि सुगति-कुगति, सुमति-कुमति और सद्गति-दुर्गति का आधार लेश्या है। कृष्ण, नील और कपोत लेश्या कुगति, कुमति और दुर्गति का कारण है। इन तीन लेश्या में रहने वाले व्यक्ति को आप कैसे भी माहौल में रखे, वे उसे दूषित ही करेंगे। वहीं तेजो, पद्म और शुक्ल लेश्या सुगति, सुमति और सद्गति का कारण है। इस लेश्या वाले को आप कितने भी कड़वाहट भरे महौलो में रख दो, उसकी कुमति नहीं हो पाती है। जैसी भी परिस्थिति हो उसकी मति कुमति नहीं हो पाती है। और उस सुमति के लिए सबसे पहले धर्म के प्रति दृढ़ता चाहिए। उन्होंने कहा कि आप लोगों ने विजयसेठ-सेठानी की कहानी तो सुनी हो होगी, ऐसा ही एक चरित्र पिछले सदी में भारत में हुआ था। उनका नाम है जयप्रकाश नारायण और प्रभावती। जयप्रकाश नारायण कम्युनिस्ट थे। उनकी सगाई प्रभावती के साथ हुई थी। जयप्रकाश महात्मा गांधी को पसंद नहीं करते थे। प्रभावती महात्मा गांधी के संपर्क में आईं। महात्मा गांधी के प्रभाव में अगर कोई सरल आत्मा आ जाए तो वह उनसे भी दो कदम आगे पहुँच जाता है। और प्रभावती का मन हुआ कि मुझे ब्रह्मचारिणी बनाना है। उन्होंने महात्मा गांधी से बात की, तो उन्होंने कहा कि तुम्हारी सगाई हो चुकी है, पहले जयप्रकाश से आज्ञा लो। सन्देश गया और जयप्रकाश साबरमती आश्रम पहुंचे, लेकिन अंदर नहीं गए। दोनों के बीच लंबी बात चली। प्रभावती ने अपने भाव रखे और आज्ञा मांगी। -**ललित पटवा**

## परमानन्द प्राप्ति का उपाय : आचार्य श्री विशुद्धसागर जी महाराज

**बड़ौत ( विश्व परिवार )।** दिगम्बर जैनाचार्य श्री विशुद्धसागर जी गुरुदेव ने अजितनाथ सभागार में धर्मसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि संसार में सभी जीव सुख चाहते हैं और दुःखों से दूर रहना चाहते हैं। कष्ट कोई नहीं चाहता, सभी इष्ट- संयोग चाहते हैं। जो प्रातः उठकर प्रभु-भक्ति, गुरूसेवा करता है, साहित्य- अध्यन करता है, शुद्ध-प्रासुक भोजन करता है, परिणाम शांत रखता है, वह अंत समय तक स्वस्थ रहकर आनन्दपूर्ण जीवन जीता है। उत्साह उमंग के साथ जीवन जियो।



वृद्ध अवस्था खण्डहर के समान उपेक्षा पूर्ण होती है। जीर्ण-शीर्ण देह, रुग्न अवस्था में दुनिया के लोग उपेक्षा करते हैं। उपेक्षा से बचना है, तो वृद्धावस्था में मौन रहना सीखो। अपेक्षायें कम करो। वृद्धावस्था सुखद बनाना है, तो धर्म से जुड़ो। धर्म ही मंगल है, धर्म ही उत्तम है, धर्म ही शरण है। धर्म ही पर-भव में सुख-शांति प्रदान करने वाला है।

विपत्ति के क्षणों में धैर्य धारण करो। धैर्यवान् विपत्ति में भी सम्पत्ति प्राप्त करता है। धैर्य से ही कार्य सिद्धि होती है। अधीर व्यक्ति के बने कार्य भी बिगड़ जाते हैं। कार्य समय पर ही होगा, फिर हम अधीर होकर अपना काम क्यों बिगाड़ें? संकटों में भी धर्म नहीं छोड़ना। दुनिया साथ छोड़ दे, पर तुम प्रभु का द्वार मत छोड़ना।

जब अशुभ- कर्म का उदय आता है, तो सर्व-ओर से कर्म पीड़ा देता है। अशुभ के दिनों में अपने सगे भी शत्रु बन जाते हैं। संभल-संभलकर जियो। कब क्या हो जाए, क्या पता? (पुण्य की रक्षा करो, बल, बुद्धि की सुरक्षा करो। जीवन का यल क पल महत्त्वपूर्ण है। चित्त प्रसन्न हो, परिणाम विशुद्ध हों, धर्म के प्रति आस्था हो, आत्म कल्याण का भाव हो, परोपकार की दृष्टि हो, यही परमानन्द है।सभा का संचालन वरदान जैन ने किया।मंगलाचरन अमित जैन ने किया। चित्र अनावरन जिनेंद्र जैन द्वारा किया गया

मीडिया प्रभारी वरदान जैन ने बताया कि 6 अक्टूबर को आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी महाराज के सुशिष्य मुनि श्री प्रणेय सागर, मुनि श्री प्रणव सागर, मुनि श्री सौम्य सागर, मुनि श्री सारस्वत सागर, मुनि श्री संजयंत सागर जी महाराज का दीक्षा दिवस दोपहर 2.45 से अजितनाथ सभागार मे धूमधाम से मनाया जायेगा। सभा मे सुभाष जैन, प्रमोद जैन, अशोक जैन, हंस कुमार जैन, सुधीर जैन, मुकेश जैन, राकेश जैन, जिनेंद्र जैन, विनोद जैन, सुनील जैन, आदि उपस्थित थे। -**वरदान जैन**

## प्रधानमंत्री जी ने बाह्य स्वच्छता की अलख जगाई वहीं गुरूवर ने आत्मा की स्वच्छता को सर्वोपरि माना, वार्षिक श्री क्षमावाणी मेला सम्पन्न

**जबलपुर ( विश्व परिवार )।** दिगम्बर जैन महापर्व पर्यूषण की समाप्ति पर अनादिकाल से परम्परागत रूप से कुंवार बदी पंचमी को मनाया जाने वाला वार्षिक श्री क्षमावाणी मेला आज समग्र जैन समाज के बीच आपसी भाईचारा, क्षमा एवं अहिंसा का संदेश देता हुआ श्री पिसनहारी मढ़िया तीर्थ में 3 अक्टूबर को नगर में विराजित पूज्य आर्यिका 105 आदर्शमति माता जी, आर्यिका 105 दुर्लभमति माता जी, आर्यिका 105 अंतरमति माता जी, आर्यिका 105 अपूर्वमति माता जी ससंघ के मंगल सान्निध्य में पूर्ण भव्यता के साथ संपन्न हुआ। प्रबुद्धजनों एवं धार्मिक स्त्री पुरुषों के बड़ी संख्या में उपस्थिति के साथ संपन्न धार्मिक क्रियाओं के प्रथम क्रम में श्री जी की रजत रथ पालकी जी, में विराजे तीर्थंकर भगवान की शोभायात्रा श्री पिसनहारी मढ़िया से निकाली गई, गुरुवर विद्यासागर जी के अनेक तैलचित्र एवं स्त्री पुरूष अपने अपने हाथों में जैन ध्वज लिये, महिलाऐं अपने अपने सिर पर मंगलकलश धारण किये थी रजत रथ पर तीर्थंकर भगवान, रजत पालकी में तीर्थंकर भगवान की शोभायात्रा श्री पिसनहारी प्रांगण से शुरू होकर पुरवा जैन मंदिर के सामने से होती हुई वापिस पिसनहारी प्रांगण के पंडाल पर




पहुंची। इस शोभायात्रा की उत्तम व्यवस्था जैन नवयुवक सभा, त्रिशला महिला मंडल, विद्यागुरू भाक्तामर मंडल सहित दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप जबालिपुरम के द्वारा की गई। रजत रथ पर श्री ब्र.जिनेश जी एवं कमलदानी उपस्थित थे। के साथ पीत वस्त्र धारण किये स्त्री पुरुष सम्मलित थे। उपस्थित जनसमूह ने भगवान का जयकारा लगाते हुये आसमान गुंजित कर दिया, प.पू. 105 दुर्लभमति माता जी ने पूरे शहर के जैन मंदिर एवं मंदिर समितियों को इस महामस्तिकाभिषेक का हिस्सा बनाते हुये उनसे भगवान के अर्घ अर्पित करवाये। प.पू. 105 आदर्शमति माता जी ने अपनी द्विव्य देशना में उपस्थित जनसमूह विशेषकर युवको से आव्हान किया कि, आपसी मनमुटाव व विरोध छोड़कर एक जुट होना ही सच्ची क्षमावाणी है। -**चौधरी संजय जैन**

## 56वें अवतरण दिवस पर आचार्य श्री वसुनंदी महाराज का किया गुणानुवाद



**कामां ( विश्व परिवार )।** आचार्य वसुनंदी महाराज निरंतर ज्ञान के उपयोग में रत हैं इसीलिये उन्हें अभिक्षण ज्ञानोपयोगी कहा जाता है मुनि संघ के कुशल नायक होने के साथ साथ वात्सल्य की खान व भक्तों के प्रति भरपूर स्नेह रखते हैं। ऐसे गुरुवर के 56 वें अवतरण दिवस के उपलक्ष में धर्म जागृति संस्थान कामां द्वारा ज्ञान विजया महिला मंडल के संयुक्त तत्वावधान में 48 दीपों से भक्तामर पाठ की महाअर्चना श्री 1008 शान्तिनाथ जैन मन्दिर दिवान जी मे आयोजित की गई। धर्म जागृति संस्थान के राष्ट्रीय प्रचार मंत्री संजय जैन बड़जात्या ने गुरुवर के दीर्घायु व स्वस्थ रहने की कामना करते हुए कहा कि आचार्य वसुनंदी महाराज में वात्सल्य भरपूर है तो वे भक्तों के गुरुर हैं, ऐसे परम् प्रतापी गुरुवर वर्तमान में मिलना अति दुर्लभ है। -**अभिषेक जैन लुहाड़िया**

## वर्णी जयंती का दो दिवसीय कार्यक्रम संपन्न, देश भर से शामिल हुए 200 से ज्यादा विद्वान

**सागर ( विश्व परिवार )।** परम पूज्य मुनि श्री अजित सागर जी महाराज आ. श्री सौम्यनंदनी माताजी आ. श्री सुयोग्यनंदनी माताजी के मंगल सान्निध्य में श्री गणेश दिगंबर जैन संस्कृत महाविद्यालय वर्णी भवन मोराजी एवं वर्णी स्नातक संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित पूज्य वर्णी जी की 150 वीं जन्म जयंती महामहोत्सव की शुरुआत आज प्रातः काल की बेला में झंडारोहण मुख्य अतिथि अध्यक्ष श्री वर्धमान कॉलोनी सागर, वरिष्ठ समाज सेवी श्री कपिल मलैया जी तथा मोराजी के महामंत्री डॉ. क्रांति कुमार जी सराफ मंत्री श्री मुकेश जी एवं पं. ज्ञानचंद जी प्राचार्य जी के निर्देशन में एवं वर्णी संस्थान विकास सभा के पदाधिकारियों द्वारा किया गया।

आचार्य श्री पू.क्षुल्लक वर्णी जी के चित्र अनावरण एवं दीप प्रज्वलन उपस्थित विद्वानों द्वारा किया गया। इसके पश्चात पूज्य आर्यिका 105 सौम्यनंदिनी माताजी के सान्निध्य एवं उनके आशीर्वाद वचन के पश्चात विधायक श्री शैलेंद्र जैन द्वारा पूज्य वर्णी जी के जीवन चरित्र पर एक बहुत ही भव्य एवं अद्भूत प्रदर्शनी का शुभारंभ किया गया। इसके पश्चात दोपहर में प्रो. डॉ. भागचंद जी भास्कर की अध्यक्षता एवं डॉ क्रांति कुमार जी सराफ के मुख्य आथित्य में स्नातक सम्मेलन प्रारंभ हुआ सभी ने अपने विचार व्यक्त किया । स्नातक सम्मेलन में प्रो.डॉ. भागचंद जी






भास्कर, डॉ. क्रांति कुमार जी सराफ, प्रो. डॉ. पी.सी.जैन, पं.कस्तूरचंद जी, पं. भावेश जी ईसरी, पंडित जीवंधर जी शास्त्री, पं. ज्ञानचंद जी व्याकरणाचार्य, पंडित नन्हे भाई जी शास्त्री, पंडित विजय कुमार जी शास्त्री डॉ. हरिश्चंद्र जी शास्त्री, महामंत्री श्री त्रिलोक जी शास्त्री, कोषाध्यक्ष श्री राजेन्द्र जी दलपतपुर, उपाध्यक्ष श्री दीपचंद जी मानकी, श्री सुरेश जी शास्त्री केवलारी, श्री कैलाश जी टीला श्री शीतल चंद्र जी मानकी, श्री प्रकाश जी सागोनी, भाई राजेश जी सागोनी, भाई सनत कुमार जी, डॉक्टर अरविंद जी शास्त्री सुनवाहा, भड़राणा,श्रवण शास्त्री सौंरई, पं. करोड़ी लाल जी बंडा, डॉ. अरविंद जी, प्रोफेसर डॉक्टर सुबोध जी, श्री ऋषभ जी शास्त्री राजिम, संयोजक श्री चन्द्रेश शास्त्री जी श्री विमल जी पाटन, श्री विनोद जी बमोरी, श्री संजय पावला, श्री प्रदीप पॉवला, श्री जिनेंद्र पावला, श्री सुनील मानकी, श्री मनोज जी बेगमगंज, श्री शीतलचंद मानकी, इंजीनियर विनोद जी, श्रीमती भारती दीदी, श्री सुरेश जी सागर, श्री कमलेश जेरा, श्री अखिलेश रमगडा, श्री सचिन जी, श्री मनोज जी निर्लिप्त, पंडित अभिषेक जी, श्री राजेश जी गृह प्रबंधक, श्री दुलीचंद जैन, सिमरिया, श्री अरविंद बमाना, श्री संजय जी पावला, श्री राजकुमार जी कर्द , श्री सुनील जी दलपतपुर, श्री मनोज जी खामखेड़ा, श्री अजीत जी, जलज राजेश जी सागौनी, प्रकाश जी मसुरहाई, श्री टेकचंद अजीतपुर श्री गणेश जी करना श्री सुनील जी मड़खेरा एवं बहुत से आगत स्नातकों का अभिनंदन किया गया ।

इस अवसर पर वर्णी संस्थान सभा के कार्य अध्यक्ष श्री संजय कुमार जी ढाना को पूज्य गणेश प्रसाद स्मृति पुरस्कार जो प्रोफेसर डॉ. भागचंद जी भास्कर डॉ. पुष्पलता नागपुर द्वारा प्रदाय किया गया भी से भी सम्मानित किया गया।

सांयकॉल पूज्य गणेश प्रसाद जीवनी जी के जीवन पर आधारित डॉक्यूमेंट्री फिल्म जो श्री पंकज जी तिवारी एवं एवं डॉ. संजीव जी सराफ द्वारा निर्देशित है फिल्म का प्रदर्शन किया गया। संस्थान सभा के पदाधिकारी द्वारा श्री पंकज तिवारी एवं डॉ. संजीव जी का अभिनंदन किया गया, वर्णी संस्थान विकास सभा के विशिष्ट मीडिया प्रभारी मनीष विद्यार्थी सभी उपस्थित जैन का आभार माना ।

द्वितीय दिन सुबह से नित्य नियम पूजन मुनि श्री के मंगल सानिध्य राष्ट्रीय विद्वत संगोष्ठी के प्रथम सत्र का उद्घाटन पं. फूलचंद प्रेमी वाराणसी की अध्यक्षता में अतिथियों द्वारा चित्रावरण, दीप प्रज्वलन एवं मंगलाचरण पं. अखिलेश शास्त्री रामगढ़ जिसमें ब्र. जयकुमार निशांत,पं. विनोद जी रंजवास, डॉ. अमित आकाश, वाराणसी डॉ. हरिश्चंद्र जैन शास्त्री त्रिलोक जैन शास्त्री बड़ागांव दिल्ली सुरेंद्र जैन प्राचार्य भगवां ने अपने विचार रखें।

कार्यक्रम का संचालन पं. राजकुमार शास्त्री एवं चंद्रेश शास्त्री ग्वालियर ने किया। मुनि श्री अजित सागर जी महाराज ने पूज्य वर्णी जी महाराज ने विद्वानों के लिए विद्यालयों की स्थापना कर जैन धर्म को जीवन करने का महत्वपूर्ण योगदान दिया है उनके द्वारा 100 से ज्यादा विद्यालयों की स्थापना की गई।

अंत में सभी उपस्थित विद्वानों का सम्मान किया गया कायक्रम में आभार संजय शास्त्री ने माना।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा प्लॉट नं.-421 सेक्टर-सी, सड़क नं.-7 उरला इंडस्ट्रीयल एरिया उरला, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN /2013/50354

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक
# विश्व परिवार

बस्तर संभाग

रायपुर, गुरूवार 05 अक्टूबर 2023



## संक्षिप्त समाचार

### पोस्टर बैनर और कांग्रेस नेताओं की तिजोरियों में दिखता है छत्तीसगढ़ का विकास

**जगदलपुर(विश्व परिवार)।** बस्तर संभाग मुख्यालय जगदलपुर में सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक विशाल आम सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर हमले बोले।उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में अपराध चरम पर है। हत्याओं के मामले में भी यह राज्य अग्रणी बन चुका है। इन मामलों में राजस्थान और छत्तीसगढ़ एक दूसरे से प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ में विकास केवल पोस्टर, बैनर और कांग्रेस नेताओं की तिजोरी में ही दिखता है। झूठे प्रचार से लोगों की आंखों में यह घोटालेबाज सरकार धूल झोंक रही है। अब यह साफ हो गया है कि यह अत्याचारी सरकार जाने वाली है। मेरे कार्यक्रम से पहले बस्तर बन्द कांग्रेस के समर्थन पर हुआ है लेकिन कार्यक्रम में अपार भीड़ देखकर लोगों ने ही इसका जवाब कांग्रेस को दे दिया है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि नगरनार स्टील प्लांट पर यदि किसी का हक है तो वह बस्तर की जनता का, छत्तीसगढ़ के लोगों का है। आज जब इस प्लांट का लोकार्पण हो रहा है तो प्रदेश सरकार का कोई भी मंत्री, उप मुख्यमंत्री या मुख्यमंत्री यहां नहीं पहुंचे। मुझे मालूम है वो क्यों यहां नहीं आए। वो आ भी नहीं सकते। एक कारण तो यह है कि उन्हें उनकी सरकार जाने की चिंता सता रही है। दूसरा कारण यह है कि मोदी यहां आया हुआ है। कोई भ्रष्टाचारी मोदी से आंख नहीं मिला सकता। इसलिए वे लोग यहां नहीं आए। इस प्लांट से अब बस्तर ही नहीं, प्रदेश और देश के दूसरे हिस्से के लोगों को भी रोजगार मिलेगा।

### वन उपज और तेंदू पत्ता भाजपा का मुख्य चुनावी मुद्दा होगा यह आज स्पष्ट हो गया

**जगदलपुर(विश्व परिवार)।** 48 मिनट के अपने भाषण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जगदलपुर में जो अपना भाषण दिया, उन्होंने आदिवासियों के लिए स्पष्ट किया कि हम 90 वनोंपज खरीदी करने का निर्णय लिए हैं, छत्तीसगढ़ में तेंदूपत्ता संग्राहकों का छत्तीसगढ़ सरकार भरपूर शोषण कर रही है, जब उनकी इच्छा होती है तेंदूपत्ता खरीदते हैं जब उनकी इच्छा होती है खरीदने की प्रक्रिया प्रतिशत में काम करते थे और आदिवासी तेंदूपत्ता संग्राहक के बच्चों को छात्रवृत्ति भी नहीं देते, बोनस में भी भ्रष्टाचार हो रहा है। हमारे छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनेगी तो यह सब स्थिति को दूर किया जाएगा और एक-एक पत्ता तेंदुपत्ता खरीदा जाएगा...

### शहर के सभी 18 वार्डों में जन भागीदारी के साथ मनाया गया स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम

**सूरजपुर(विश्व परिवार)।** सूरजपुर शहर में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम अंतर्गत आज नगर वासियों एवं नगर पालिका परिषद द्वारा स्वच्छता मुहिम युद्ध स्तर पर चलाई गई। विभिन्न स्थानों पर स्वच्छता कार्यक्रम के तहत साफ- सफाई की गई एवं प्लास्टिक मुफ्त शहर बनाने की मुहिम छेड़ी। जिसके अंतर्गत पुराना बस स्टैंड में अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सूरजपुर श्री के के अग्रवाल, सी.एम.ओ मुक्त सिंह चौहान , वार्ड पार्षद एवं शहर के नागरिकों द्वारा वृहद साफ-सफाई कर चौपाटी को साफ एवं स्वच्छ बनाया गया, जिस उपरांत मानव सेवा संस्थान के कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।दुलही तालाब का जीर्णोद्धार कार्य को और प्रगति देते हुए तालाब के अधिकांश जलकुंभी को साफ किया गया जिस उपरांत गिरधारी साहू , बंटी बंसल ,प्रवेश गोयल एवं स्कूली बच्चों उपस्थित रहे । विभिन्न कार्यक्रमों में गायत्री परिवार द्वारा नया बस स्टैंड जेलपारा में साफ सफाई, एन.सी.सी कैडेट द्वारा स्टेडियम ग्राउंड बड़कापार पार्वती घाट एवं स्टेडियम साफ सफाई, महगावा स्कूल के छात्रों द्वारा कब्रिस्तान के समीप साफसफाई, संत रविदास समूह के द्वारा कृष्ण कुंज की साफ सफाई, बालाजी स्व-सहायता समूह द्वारा लंकापारा में साफ सफाई आदि कार्यक्रमों द्वारा सभी 18 वार्ड में, वार्ड पार्षदों की अध्यक्षता में साफसफाई का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

### सभी अधिकारी आदर्श आचार संहिता के नियमों का करें पालन - कलेक्टर

**सूरजपुर(विश्व परिवार)।** जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल ने विधानसभा निर्वाचन 2023 के सुचारू संपादन के लिए कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में नोडल, सहायक नोडल हुआ निर्वाचन से संबंधित अन्य अधिकारियों की बैठक ली। जिसमें आदर्श आचार संहिता को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने उपस्थित सभी अधिकारियों को आदर्श आचार संहिता के नियमों का पालन करने के स्पष्ट निर्देश दिए। जिसमें उन्होंने बताया कि चुनाव की घोषणा होते ही आदर्श आचार संहिता पूर्ण रूप से लागू हो जाएगा।

## जिले के बच्चों को नीट और जेईई की मिलेगी नि :शुल्क कोचिंग

**मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने स्वामी आत्मानंद कोचिंग योजना का किया शुभारंभ जिले के सभी विकासखंडों में खुले निःशुल्क स्वामी आत्मानंद कोचिंग सेंटर**

**बच्चों को जिले में ही रहकर प्रतिष्ठित संस्थान ऐलन इंस्टीट्यूट से मेडिकल और इंजीनियरिंग के कोचिंग की मिलेगी सुविधा**



**गरियाबंद (विश्व परिवार)।** जिले के स्कूली बच्चों को मेडिकल और इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी के लिए नीट और जेईई की निशुल्क कोचिंग की सुविधा मिलेगी। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इंजीनियरिंग एवं मेडिकल की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए स्कूल शिक्षा विभाग की नवाचारी 'स्वामी आत्मानंद कोचिंग योजना' का विगत दिवस अपने निवास कार्यालय से ऑनलाईन शुभारंभ किया। इस योजना के तहत प्रदेश के 146 विकासखंड मुख्यालयों और चार शहरों- रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर और कोरबा सहित 150 कोचिंग सेंटर के माध्यम से शासकीय स्कूलों में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को नि:शुल्क कोचिंग दी जाएगी। गरियाबंद जिले के पांचों विकासखंडों गरियाबंद, छुरा, फिंगेश्वर, मैनपुर एवं देवभोग में स्वामी आत्मानंद कोचिंग सेंटर का मुख्यमंत्री श्री बघेल द्वारा वर्चुअल उद्घाटन किया गया। जिले में नीट और जेईई में प्रत्येक ब्लाक में 100 सीट आबंटित है। अभी तक जिले के कुल 500 सीटों के विरुद्ध 700 आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिनकी मेरिट सूची तैयार कर बच्चों का एडमिशन किया जाएगा। राज्य शासन द्वारा स्वामी आत्मानंद कोचिंग योजना संचालन के लिए स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत समग्र शिक्षा, छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम एवं ऐलन कैरियर कोचिंग इंस्टीट्यूट प्राइवेट लिमिटेड के मध्य समझौता किया गया है। इससे बच्चों को नीट जेईई कोचिंग के लिए प्रतिष्ठित संस्थान ऐलन इंस्टीट्यूट से निशुल्क कोचिंग की सुविधा मिलेगी। संस्था के शिक्षक ऑनलाइन माध्यम से जिले के बच्चों को कोचिंग प्रदान करेंगे। इससे बच्चे जिले में ही रहकर उत्कृष्ट और गुणवत्तापूर्ण तरीके से मेडिकल और इंजीनियरिंग की कोचिंग ले पाएंगे। इस दौरान स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल गरियाबंद में वर्चुअल कार्यक्रम से जुड़े स्कूली बच्चों ने अपने बेहतर भविष्य के लिए योजना के प्रति खुशी का इजहार करते हुए मुख्यमंत्री और राज्य शासन के प्रति आभार व्यक्त किया।मुख्यमंत्री ने स्वामी आत्मानंद कोचिंग योजना का शुभारंभ करते हुए कहा कि यह योजना बच्चों के सुनहरे भविष्य को गढ़ने में अहम साबित होगी। मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ में बच्चों के कैरियर निर्माण के लिए एक और महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए कहा कि निकट भविष्य में पीएससी एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की सर्वसुविधा युक्त बेहतर ऑनलाईन कोचिंग की व्यवस्था भी हम सभी विकासखण्डों में करेंगे।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि इस योजना के तहत हमने एक कदम और आगे बढ़ाते हुए कोचिंग के साथ-साथ शिक्षकों की समुचित व्यवस्था की है। एक कोचिंग सेंटर में भौतिक, रसायन, जीव विज्ञान एवं गणित विषय के लिए अलग-अलग नोडल शिक्षक चिन्हांकित कर लिए गए है। कोचिंग सेंटरों में अध्यापन कार्य का नियमित अवलोकन किया जाएगा और पालकों का फीडबैक भी लिया जाएगा ऑनलाईन कक्षाओं में टू-वे संवाद रहेगा अर्थात् विद्यार्थी विषय शिक्षकों से प्रश्न पूछ सकेंगे। इस दौरान विद्यार्थियों का लगातार आंकलन किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा डॉ आलोक शुक्ला ने स्वामी आत्मानंद कोचिंग योजना के संबंध में बताया कि प्रदेश के 146 विकासखंड और चार शहरों रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर और कोरबा सहित 150 कोचिंग सेंटर को इंटरनेट कनेक्शन और कम्प्यूटर से जोड़ दिया गया है। यहां कक्षा 12वीं में गणित एवं जीव विज्ञान संकाय में अध्ययनरत विद्यार्थियों को कोचिंग दी जाएगी।

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनैतिक दलों की बैठक लेकर दी आवश्यक जानकारी

**राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को मतदाता सूची की प्रतियां उपलब्ध कराई गई**



**गरियाबंद (विश्व परिवार)।** आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2023 की तैयारियों के संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा ने भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप राजनैतिक दलों की बैठक लेकर विस्तारपूर्वक आवश्यक जानकारी दी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में राजनैतिक दलों को मतदाता सूची की अंतिम प्रकाशन जारी होने की जानकारी दी साथ ही सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को मतदाता सूची की प्रतियां उपलब्ध कराई गई। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन के लिए चुनाव कार्यक्रम घोषित होने के साथ ही आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो जाता है।

इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी तीर्थराज अग्रवाल ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 54 राजिम के लिए कलेक्टर न्यायालय कक्ष तथा बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 55 के लिए अपर न्यायालय कक्ष में नाम निर्देशन की कार्यवाही रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा किया जायेगा। अभ्यर्थियों द्वारा अमानत राशि में छुट प्राप्त करने के लिए जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। कोई भी प्रत्याशी अपने निर्वाचन परिचय या पोस्टर जिस पर मुद्रक या प्रकाशक का नाम और पता न दिया हो ऐसा परिचय या पोस्टर प्रकाशित नहीं करेगा। किसी भी दल या अभ्यर्थी द्वारा सभा करने से पूर्व स्थान, समय, जुलूस, रैली, ध्वनि विस्तारक यंत्र के प्रयोग संबंधी सूचना व अनुमति संबंधित अनुविभागीय अधिकारी से समयावधि पर लेना होगा। किसी भी धार्मिक स्थलों का प्रयोग निर्वाचन प्रचार मंच के रूप में नहीं किया जायेगा। मतदान केन्द्र के 200 मीटर के परिधि में किसी भी राजनैतिक दल अस्थायी कार्यालय स्थापित नहीं कर सकेगा। किसी के निजी संपत्ति पर राजनैतिक दलों को बिना अनुमति के प्रचार-प्रसार नहीं करेगा। बैठक में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## निजीकरण का विरोध : बस्तर बंद का दिख रहा व्यापक असर

**बस्तर(विश्व परिवार)।** नगरनार स्थित एनएमडीसी स्टील प्लांट के निजीकरण के विरोध में बस्तर के सर्व आदिवासी समाज ने आज मंगलवार को एक दिवसीय बस्तर बंद का आह्वान किया है। वहीं प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने भी बस्तर बंद को अपना समर्थन दिया है। इसका असर भी व्यापक रूप से देखा जा रहा है। संभाग के कई प्रमुख शहरों के अलावा अधिकांश स्थानों पर बंद अभी तक सफल रहा है। नगरनार के निजीकरण के खिलाफ आज बस्तर बंद का असर संभाग के भानुप्रतापपुर-सुकमा सहित संभाग के अनेक शहरी इलाकों में देखा जा रहा है। दूसरी ओर आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जगदलपुर के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान 23,800 करोड़ की लागत से निर्मित नगरनार स्थित एनएमडीसी के स्टील प्लांट को देश को समर्पित करेंगे। इस दौरान स्टील प्लांट के निजीकरण के विरोध में आहूत एक दिवसीय बस्तर बंद का असर देखने को मिल रहा है। भानुप्रतापपुर के शहरी इलाके के साथ-साथ आस-पास के क्षेत्र के सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठान सुबह से पूरी तरह बंद है। हालांकि, वाहनों का आवागमन जारी है। दूसरी ओर राज्य की भारतीय जनता पार्टी ने इसे प्रधानमंत्री मोदी की सभा को प्रभावित करने का प्रयास बताया है। वहीं भानुप्रतापपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने कहा है कि प्रधानमंत्री के आगमन से कांग्रेस पार्टी को कोई लेना-देना नहीं है. यह एक संयोग है कि आज ही के दिन प्रधानमंत्री का बस्तर आगमन हो रहा है। हम नगरनार स्टील प्लांट के निजीकरण का विरोध कर रहे हैं।

## गांधी जयंती के अवसर पर 16 तक चलाया जाएगा कुष्ठ जागरूकता पखवाड़ा

**कांकेर(विश्व परिवार)** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के कुष्ठमुक्त भारत के सपने को पूरा करने के उद्देष्य से कुष्ठ रोगियों के प्रति गांधी का सेवाभाव, योगदान को स्मरण करते हुए जिले में 16 अक्टूबर तक कुष्ठ जागरूकता पखवाड़ा मनाया जायेगा, जिसके तहत जिले के सभी ग्राम पंचायतों के ग्रामसभा में एवं सभी स्वास्थ्य संस्थाओं तथा मिडिल से लेकर हायर सेकण्डरी स्कूलों व कॉलेजों में कुष्ठमुक्त ग्राम एवं कुष्ठमुक्त भारत के लिए संस्था प्रमुख द्वारा षपथ दिलाई जाएगी। गांधी जयंती के अवसर पर कुष्ठ जागरूकता पखवाड़ा का शुभारंभ जनपद सदस्य कांकेर मती नूतन जैन द्वारा किया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत नारा की सरपंच, उप सरपंच एव पंचायत प्रतिनिधि शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे द्वारा कुष्ठ मुक्त ग्राम एवं कुष्ठ मुक्त भारत के लिए उपस्थित जन समुदाय को शपथ दिलाई गई। साथ ही अतिथियों द्वारा कुष्ठ रोगियों को आवश्यकतानुसार एमसीआर चप्पल, सेल्फ केयर कीट, स्पिलिंट तथा टीबी के मरीजों को निक्षयमित्र पोषण आहार प्रदाय किया गया। साथ ही आयुष्मान भव के तहत स्वास्थ्य मेला का आयोजन कर स्वास्थ्य संबंधी जानकारी व सेवाएं दी जा रही है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि लक्ष्य की प्राप्ति हेतु जन समुदाय को कुष्ठ रोग के प्रारंभिक लक्षण व उपचार के संबंध में जागरूकता फैला कर समाज में कुष्ठ रोगियों को एमडीटी से निशुल्क उपचार कर रोगमुक्त, कुष्ठ मुक्त भारत के लक्ष्य को हासिल करना है।

## मोदी कांग्रेस से नहीं, आम आदमी पार्टी से डरते हैं -तरुणा

**जगदलपुर(विश्व परिवार)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा के मद्देनज़र आम आदमी पार्टी की प्रदेश प्रवक्ता तरुणा साबे बेदरकर सहित सभी प्रमुख पदाधिकारियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गौरतलब है कि पीएम की सभा के पहले दिन आम आदमी पार्टी की प्रदेश प्रवक्ता तरुणा साबे बेदरकर के द्वारा नगरनार स्टील प्लांट के निजीकरण के विरोध में सर्व आदिवासी समाज और ओबीसी समाज के द्वारा किये जा रहे रैली और बन्द का समर्थन किया था। जन सभा के सुबह 7.30 बजे प्रदेश प्रवक्ता तरुणा को उनके




निवास स्थान से पुलिस बल ने गिरफ्तार कर लिया। उन्हें परपा थाने में नजर बन्द कर 3 घण्टे रखा गया। साथ ही 9 बजे तक पार्टी के सभी प्रमुख पदाधिकारियों को भी गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार होने वाले पदाधिकारियों में प्रदेश प्रवक्ता तरुणा साबे के साथ, लोकसभा क्षेत्र अध्यक्ष समीर खान, जिलाध्यक्ष नरेंद्र भवानी, जिला सचिव जगमोहन बघेल, युवा इकाई के जिला अध्यक्ष शुभम सिंह, बीजापुर जिलाध्यक्ष अनिल दुर्गम और अन्य लोगों को घर से ही गिरफ्तार करके परपा थाना लाकर कैद कर रखा गया। कुछ घंटे बाद परपा थाना में पार्टी के कार्यकर्ता जमा होने लगे। जिसके बाद कार्यकर्ताओं की मौजूदगी देखकर जगदलपुर से 40 किलोमीटर दूर लोहंडीगुड़ा थाना ले जाकर सभी पदाधिकारियों को दोपहर 3 बजे तक कैद करके रखा। तरुणा ने बताया कि हम लोकतांत्रिक देश में रहते हैं। हर किसी नागरिक को विरोध दर्ज करने का अधिकार हमें संविधान ने दिया है। लेकिन मोदी सरकार के द्वारा जिस प्रकार से आम आदमी पार्टी के पदाधिकारियों की गिरफ्तारी कर सुबह से 3 बजे तक नजरबंद कर रखा गया इससे साबित होता है मोदी आम आदमी पार्टी के अदने से सिपाहियों से भी डरते हैं। उनको काँग्रेस से नही आम आदमी पार्टी से डर लगता है।

## जिले में 15 हजार 739 मतदाता पहली बार अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे

**9342 महिला, 6380 पुरुष एवं 17 अन्य मतदाता संख्या में वृद्धि हुई।**




**गरियाबंद (विश्व परिवार)।** आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 के मद्देनजर जिले में 15 हजार 739 मतदाता पहली बार अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित पत्रकार-वार्ता में जिले में मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिले में कुल 4 लाख 54 हजार 559 मतदाता पंजीकृत है। इनमें 2 लाख 31 हजार 244 महिला, 2 लाख 23 हजार 293 पुरुष एवं 22 अन्य मतदाता शामिल है। राजिम विधानसभा क्षेत्र में 2 लाख 28 हजार 132 एवं बिंद्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र में 2 लाख 26 हजार 427 मतदाता पंजीकृत है। जिले में कुल 573 मतदान केंद्र है। इनमें से 299 बिंद्रानवागढ़ और 274 राजिम विधानसभा क्षेत्र में स्थित है। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी तीर्थराज अग्रवाल सहित जिले के प्रिन्ट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के प्रतिनिधिगण पत्रकार-वार्ता में मौजूद रहे। कलेक्टर ने बताया कि मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन के दौरान 02 अगस्त 2023 की स्थिति में जिले में 4 लाख 38 हजार 820 मतदाता थे। मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान विशेष जागरूकता अभियान चलाकर मतदाता सूची में मतदाताओं के नाम जोड़ने का कार्य किया गया। अभियान के सफल क्रियान्वयन के पश्चात जिले में 15 हजार 739 मतदाताओं की संख्या में वृद्धि हुई है। इनमें सर्वाधिक 9342 महिला, 6380 पुरुष एवं 17 अन्य मतदाता बढ़े है। पत्रकार वार्ता में मीडिया प्रतिनिधियों से चर्चा के दौरान कलेक्टर ने कहा कि निर्वाचन का उद्देश्य समावेशी हो और सभी वर्ग के लोग बढ़ चढ़कर अपने मताधिकार का उपयोग करें। निष्पक्ष मतदान संपादित कराना उद्देश्य होता है। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार इस बार युवा मतदाताओं को मतदान के प्रति आकर्षित करने युवा कर्मचारियों द्वारा संचालित मतदान केंद्र एवं दिव्यांगजनों को प्रोत्साहित करने दिव्यांग कर्मचारियों द्वारा संचालित मतदान केंद्र प्रत्येक विधानसभा में एक- एक की संख्या में बनाया जाएगा। कलेक्टर ने इस बार आयोग द्वारा दिए जाने वाले नई सुविधाओं के बारे में बताया कि सुविधा पोर्टल के माध्यम से इस बार प्रत्याशी रैली, सभा, आयोजन की अनुमति ऑनलाइन माध्यम से ले सकेंगे। साथ ही नामांकन के लिए भी प्रत्याशियों को ऑफ्लाइन के अलावा ऑनलाइन आवेदन करने की सुविधा मिलेगी।

## व्यापार समाचार

### शेयर बाजार पर सपाट लिस्ट हुआ आईपीओ

**नईदिल्ली( एजेंसी )।** आभूषण विक्रेता कंपनी मनोज वैभव जेम्स एन ज्वैलर्स के शेयर निर्गम मूल्य 215 रुपये पर ही मंगलवार को बाजार में सूचीबद्ध हुए। शेयर बीएसई और एनएसई दोनों पर 215 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। बाद में बीएसई पर यह निर्गम मूल्य से 3.20 प्रतिशत चढ़कर 221.90 रुपये के उच्च स्तर पर पहुंच गया। वहीं एनएसई में 3.25 प्रतिशत की बढ़त के साथ 222 रुपये पर कारोबार कर रहा था। शुरुआती कारोबार में कंपनी का बाजार मूल्यांकन 1,062.43 करोड़ रुपये रहा। मनोज वैभव जेम्स एन ज्वैलर्स के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को पिछले सप्ताह 2.25 गुना अभिदान मिला था। आईपीओ के तहत 210 करोड़ रुपये तक के ताजा निर्गम और 28,00,000 इक्विटी शेयर की बिक्री की पेशकश की गई थी। इस पेशकश के लिए मूल्य दायरा 204-215 रुपये प्रति शेयर रखा गया था। दक्षिण भारत में एक क्षेत्रीय आभूषण ब्रांड के रूप में कार्यरत मनोज वैभव जेम्स एंड ज्वैलर्स की आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में उपस्थिति है।

### एनटीपीसी ने वित्तीय वर्ष24 की पहली छमाही में कोयला उत्पादन में 83 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की

**नईदिल्ली( एजेंसी )।** सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली कंपनी एनटीपीसी के कोयला उत्पादन में चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 की अप्रैल-सितंबर अवधि में सालाना आधार पर 83 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई। कंपनी की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, एनटीपीसी लिमिटेड ने पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में वित्त वर्ष 2023-24 की पहली छमाही के दौरान अपनी कैप्टिव खदानों से कोयला उत्पादन में 83 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। कंपनी ने चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 की पहली छमाही में 160.5 लाख मीट्रिक टन (एमएमटी) का कोयला उत्पादन हासिल किया, जबकि पिछले वित्त वर्ष की 2022-23 की समान अवधि (अप्रैल-सितंबर 2022) में यह 87.6 लाख मीट्रिक टन रहा। इसके अलावा, एनटीपीसी ने वित्त वर्ष 2023-24 की पहली छमाही में 172 लाख मीट्रिक टन का कोयला प्रेषण भी हासिल किया। इसमें पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 94 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई।

### लुढ़का हीरो मोटोकॉर्प, बिकवाली के दवाब से दो फीसदी से ज्यादा गिरा स्टॉक

**नईदिल्ली( एजेंसी )।** देश की दिग्गज दोपहिया कंपनी हीरो मोटोकॉर्प के शेयर आज गिरावट पर दिख रहे हैं। घरेलू बाजार में शुरुआती कारोबार में हीरो मोटोकॉर्प का शेयर टूटकर दो फीसदी से अधिक नीचे आ गया। शेयरों में बिकवाली देखने को मिल रहा है। जिसका कारण है सितंबर में कंपनी के सेल्स डेटा में आई गिरावट। हालांकि कंपनी की बिक्री सालाना आधार पर बढ़ी है लेकिन बाजार के नजरिए से देखें तो यह निवेशकों की उम्मीद के मुताबिक नहीं परफॉर्म कर पाई। यही कारण रहा कि आज कंपनी के शेयर लुढ़क गए गए हैं। फिलहाल बीएसई पर यह 1.56 फीसदी की गिरावट के साथ 3009.25 रुपये के भावपर है। इंट्रा-डे में यह 2991.65 रुपये तक फिसल गया था। 1 अगस्त 2023 को यह एक साल के हाई 3,242.85 रुपये पर था। सेल्स की बात करें तो सितंबर महीने में हीरो मोटोकॉर्प की बिक्री सालाना आधार पर 3 फीसदी बढ़ी है। पिछले महीने इसने 5,36,499 यूनिट्स की बिक्री की थी जबकि पिछले साल समान अवधि में इसने 5,19,980 यूनिट्स की बिक्री की थी। अब कंपनी को आने वाले हफ्ते में फेस्टिव सीजन से उम्मीद है। मैक्रोइकनॉमिक फैक्टर के दम पर इस दौरान सेल्स बेहतर हो सकती है। इसके अलावा कंपनी ने एक्सचेंज फाइलिंग में यह भी जानकारी दी कि यह कुछ मोटरसाईकिल और स्कूटर्स की एक्स-शोरूम कीमतें बढ़ाएगी और इसकी बढ़ी हुई कीमतें आज यानी 3 अक्टूबर से प्रभावी हो गई हैं।

### जायसवाल का शतक, एशियन गेम्स के सेमीफाइनल में पहुंची भारतीय क्रिकेट टीम

**हांगझोऊ( एजेंसी )।** एशियन गेम्स में भारतीय क्रिकेट टीम ने सेमीफाइनल में जगह बना ली है। मंगलवार को खेले गए क्वार्टर फाइनल मैच में टीम इंडिया ने नेपाल को 23 रन से हरा दिया। भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया।यशस्वी जायसवाल की शतकीय पारी के दम पर भारत ने 20 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 202 रन बनाए। जवाब में नेपाल 179 रन ही बना पाई और 23 रन से यह मुकाबला हार गई। यशस्वी ने 49 गेंदों में 100 रन बनाए, जो कि टी20 में उनका पहला शतक था। साथ ही वो 21 साल और 279 दिन में टी20 शतक बनाने वाले सबसे कम उम्र के भारतीय बन गए।

**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय मुख्य अभियंता,**
**महानदी परियोजना जल संसाधन विभाग, (छ.ग.)**

eProcurement Portal : https://eproc.cgstate.gov.in

**निविदा निरस्तीकरण सूचना**

इस कार्यालय द्वारा जारी निविदा सूचना क्रमांक 8/व.ले.लि./2023-24 दिनांक 28.08.2023 निविदा सिस्टम क्रमांक 145693 (प्रथम आमंत्रण) धमतरी जिले के विकासखण्ड कुरुद की भाठागांव सिंचाई कालोनी के आवासीय/गैर आवासीय भवनों का जीर्णोद्वार तथा बाउण्ड्रीवाल का निर्माण कार्य (लागत राशि रू. 287.00 लाख) हेतु आमंत्रित निविदा में एकल निविदा प्राप्त होने का कारण निरस्त किया जाता है।

कार्यालय अभियंता
म.ज.प. बांध संभाग क्र. 2, रूद्री
कृते मुख्य अभियंता महानदी
परियोजना जल संसाधन विभाग,
रायपुर (छ.ग.)

जी- 05809/2

# शादी सीजन से पहले गिर गए सोने के दाम, सात महीने के निचले स्तर पर पहुंचे



**नई दिल्ली( एजेंसी )।** सोना खरीदना सबसे अधिक सेफ इंवेस्टमेंट मानी जाती है। भारत में साल भर लोग सोना खरीदते है। इसे उपयोग करने से अधिक इंवेस्टमेंट के तौर पर खरीदा जाता है। वहीं सोने के दाम बढ़ने से जहां लोग परेशान होते हैं वहीं इन दिनों सोने के दाम में भारी गिरावट देखने को मिल रही है। वहीं आगामी कुछ दिनों में शादी का सीजन भी शुरू होने वाला है।ऐसे में अगर आप भी सोना खरीदने का विचार बना रहे हैं तो जल्दी कीजिए, क्योंकि ये सोना खरीदने का बेहद शानदार मौका है। अभी सोना-चांदी खरीदकर पैसों की अच्छी बचत करने का मौका है। घरेलू बाजार में सोने की कीमत गिरकर सात महीनों के निचले स्तर पर पहुंच गई है। 3 अक्टूबर को सोना एमसीएक्स एक्सचेंज पर गिरावट के साथ खुला है। सोने के भाव में सुबह से ही गिरावट देखने को मिली है। बीते सप्ताह भी सोने के दाम में गिरावट देखने को मिली थी। वहीं सोने के अलावा चांदी भी अच्छा नहीं कर रही है। चांदी के दाम में भी गिरावट दर्ज हुई है। इससे पहले शुक्रवार को यानी 29 सितंबर को कारोबारी सप्ताह के अंतिम दिन भी सोने के दाम में गिरावट आई थी। माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में भी सोने के दाम में गिरावट देखने को मिल सकती है। यानी जिन लोगों को सोना खरीदना है वो आने वाले कुछ दिनों में सस्ते दाम में सोना खरीद सकते है। बता दें कि मंगलवार यानी तीन अक्टूबर को सोना 57426 रुपये प्रति 10 ग्राम पर खुला है। इससे पहले बीते सोमवार यानी सप्ताह भर पहले इसके दाम 57600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर ये बंद हुआ था। माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में सोने की कीमत 56,000 से लेकर 56,500 रुपये तक नीचे गिर सकती है। इसके साथ ही चांदी के दाम में भी भारी गिरावट देखने को मिली है। चांदी तीन अक्टूबर को 69,255 रुपये प्रति किलोग्राम पर खुली है। मार्केट खुलने के कुछ ही समय बाद चांदी के दाम 65,666 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गए। वहीं इससे पहले 29 सितंबर को बाजार बंद होने से पहले तक चांदी की कीमत 69,857 रुपये प्रति किलोग्राम पर थी। आगामी दिनों में चांदी की कीमत 65,000 रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंचने की संभावना बनी हुई है। ऐसे में इस महीने के खत्म होने से पहले तक सोना और चांदी खरीदना फायदे का सौदा हो सकता है।

## अर्जुन और सुनील ने कैनो डबल 1000 मीटर में जीता कांस्य



**हांगझोऊ( एजेंसी )।** भारत के अर्जुन सिंह और सुनील सिंह ने मंगलवार को एशियाई खेलों में पुरुषों की कैनो डबल 1000 मीटर स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। फाइनल मुकाबले में 16 वर्षीय अर्जुन सिंह और 24 वर्षीय सुनील सिंह 3ः53.329 के साथ तीसरे स्थान पर रहे। ये जोड़ी स्वर्ण पदक विजेता उज्बेकिस्तान (3ः43.796) और रजत पदक विजेता कजाकिस्तान (3ः49.991) से पीछे रहे। 1994 में हिरोशिमा खेलों में पुरुषों की कैनो डबल 1000 मीटर में जॉनी रोमेल और सिजी कुमार सदानंदनके के कांस्य पदक जीतने के बाद यह एशियाई खेलों में कैनोइंग में भारत का दूसरा पदक है। 2018 में इंडोनेशिया में सुनील पुरुष सी-2 1000 मीटर के लिए यह दूसरा एशियाई खेल है, जो कुल मिलाकर छठे स्थान पर रहे। वह एक बहुत ही अनुभवी पैडलर हैं, जिन्होंने 2019 और 2023 में विश्व चैंपियनशिप और विश्व कप में सी-2 1000 मीटर और सी-1 2000 मीटर में भाग लिया है।

## हांगकांग को 13-0 से रौंद कर सेमीफाइनल में पहुंची भारतीय महिला हॉकी टीम



**हांगझोऊ( एजेंसी )।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने मंगलवार को अपने आखिरी पूल ए मैच में हांगकांग चीन पर 13-0 की शानदार जीत के साथ एशियाई खेल के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। भारत के लिए वंदना कटारिया (2, 16, 48), दीपिका (4, 54, 58),दीप ग्रेस एक्का (11, 42), संगीता कुमारी (27, 55), मोनिका (7), वैष्णवी विट्ठल फाल्के (34) और नवनीत कौर (58) गोल करने वाले खिलाड़ी रही। खेल की शुरुआत भारत द्वारा हांगकांग चीन के खिलाफ लगातार आक्रमण शुरू करने से हुई, जिससे पहले क्वार्टर में 4-0 की बढ़त हासिल हुई। दूसरे क्वार्टर में पहले जैसा ही प्रदर्शन हुआ, जिसमें भारत ने खेल पर अपना मजबूत नियंत्रण बनाए रखा।वंदना (16) ने एक प्रभावशाली फील्ड गोल के साथ एक बार फिर अपनी शक्ति का प्रदर्शन किया। इसके अलावा, संगीता (27) ने नेट के पीछे गोल कर भारत का स्कोर बढ़ाया, जिससे भारत हाफटाइम में 6-0 की मजबूत बढ़त के साथ आगे बढ़ा। आसान बढ़त के साथ भी, भारत ने तीसरे क्वार्टर में मैदान पर अपना दबदबा बनाए रखा। वैष्णवी (34) और दीप ग्रेस (42) ने पेनल्टी कॉर्नर पर एक-एक गोल किया, जिससे उनकी टीम की स्थिति और मजबूत हो गई क्योंकि अंतिम क्वार्टर के अंत में भारतीय टीम ने 8-0 की बढ़त बना ली थी।

## 300 अंक टूटा सेंसेक्स, निफ्टी 19500 के स्तर पर



**मुंबई( एजेंसी )।** भारतीय बाजार की शुरुआत आज कमजोरी के साथ हुई। सेंसेक्स 09:16 बजे के आसपास 332.07 अंक यानी 0.50 फीसदी की गिरावट के साथ 65,496.34 के स्तर पर कारोबार कर रहा था। वहीं निफ्टी 104.00 अंक यानी 0.51 फीसदी की गिरावट के साथ 19583.20 के स्तर पर कारोबार कर रहा था । प्री-ओपनिंग सेशन में बाजार में हल्की बढ़त देखने को मिल रही है। सेंसेक्स 09ः02 बजे के आसपास 64.63 अंक यानी 0.10 फीसदी की बढ़त के साथ 65,893.04 के स्तर पर कारोबार कर रहा था। वहीं निफ्टी 23.75 अंक यानी 0.12 फीसदी की बढ़त के साथ 19662.05 के स्तर पर कारोबार कर रहा था। ग्लोबल मार्केट में कमजोर संकेतो के बीच आज यानी मंगलवार को भारतीय शेयर बाजार की शुरुआत सुस्त होने की संभावना है। हालांकि, पिछले ट्रेडिंग सेशन में शेयर बाजार हरे निशान में बंद हुए थे।

आज सुबह 08ः15 बजे, गिफ्ट निफ्टी लाल निशान में खुलकर 19,569 के स्तर पर कारोबार करता गिखा। वैश्विक स्तर पर, सरकारी शटडाउन को रोकने के लिए विधायकों के एक शॉर्ट टर्म एग्रीमेंट होने के बाद भी सोमवार को अमेरिका में डॉव जोन्स 0.2 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ। एसएंडपी 500 0.01 प्रतिशत उछला, नैस्डेक में 0.67 फीसदी की बढ़ोतरी देखने को मिली। वहीं, बांडों में बिकवाली जारी रही और 10 साल की ट्रेजरी यील्ड एक समय 4.7 प्रतिशत तक पहुंच गई। डॉलर इंडेक्स भी बढ़कर 107 अंक पर पहुंच गया। दूसरी ओर, हाई इंटरेस्ट रेट की संभावनाओं के कारण ब्रेंट क्रूड 5 प्रतिशत गिरकर 90 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। आज सुबह एशियाई बाजार ज्यादातर निचले स्तर पर कारोबार करते दिख रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया का एसएंडपी/एएसएक्स 200 देश के नीतिगत परिणाम से पहले 1 प्रतिशत गिर गया। जापान का निक्केई 1.2 फीसदी नीचे रहा। हैंग सेंग सूचकांक 1.48 प्रतिशत नीचे गिर गया। साउथ कोरियाई और चीनी बाजार छुट्टियों के कारण बंद हैं। भारतीय शेयर बाजार 2 अक्टूबर (सोमवार) को गांधी जयंती के अवसर पर बंद थे। बीएसई और हस्श्व पर कोई ट्रेडिंग नहीं हुई। इक्विटी, डेरिवेटिव और एसएलबी समेत सभी सेगमेंट में कारोबार नहीं हुआ। इसके अलावा, मल्टी-कमोडिटी एक्सचेंज भी सुबह और शाम दोनों सत्रों के लिए बंद रहे।

## पीवी सिंधु और एचएस प्रणय ने राउंड ऑफ 16 में बनाई जगह



**हांगझोऊ( एजेंसी )।** बैडमिंटन के व्यक्तिगत प्रतियोगिताओं में पीवी सिंधु और एचएस प्रणय मंगलवार को 19वें एशियाई खेलों में राउंड ऑफ 16 में पहुंचे। पीवी सिंधु ने दुनिया की 21वें नंबर की चीनी ताइपे शटलर सू वेन ची को 42 मिनट में 21-10, 21-15 से हराया। जबकि, प्रणॉय ने मंगोलियाई खिलाड़ी बटदावा मुंखबत के खिलाफ दोनों गेम 21-9, 21-12 से जीतकर आसानी से 16वें राउंड में प्रवेश किया। अन्य भारतीयों में, अस्मिता एकल राउंड 32 मैच में इंडोनेशिया की ग्रेगोरिया मारिस्का तुनजुंग से 11-21, 16-21 से हार गईं। त्रिशा जॉली/गायत्री गोपीचंद और तनीषा क्रैस्टो/अश्विनी पोनप्पा की महिला युगल जोड़ी मालदीव की जोड़ियों को हराकर अगले दौर में पहुंच गई।

## स्कोडा ऑटो इंडिया ने त्यौहारों के लिये खास कीमतों और बिलकुल नई खूबियों के साथ उत्पोद लॉन्चं किये

**रायपुर।** स्कोडा ऑटो इंडिया ने भारत में सबसे सुरक्षित कारों की निर्माता के रूप में अपनी अग्रणी स्थिति को बनाये रखा है और इसके पास वयस्कोंो तथा बच्चोंू के लिये 5-स्टाधर-रेटेड कारों का पूरा बेड़ा है। उत्पा दों के मामले में कंपनी 2023 में भी लगातार सक्रिय है। इस साल त्यौ हारों के दौरान भी कंपनी कई सौगात लेकर आ रही है। कंपनी व्योपक पोर्टफोलियो के साथ ही, त्यौयहारों की अवधि में आकर्षक कीमतों, कारों में कई नई खूबियों की पेशकश करेगी। इतना ही नही, स्कोआडा ऑल-न्यूक स्लाकविया मैट एडिशन भी लॉन्चफकर रही है।

पहले से बेहतर पोर्टफोलियो के बारे में स्कोआडा ऑटो इंडिया के ब्राण्डल डायेक्टार पेट्र सोल्कफ ने कहा: उत्पाफ्दों के मामले में हमारी पेशकश का लक्ष्यन ज्याादा से ज्यामदा ग्राहकों का स्कोकडा परिवार में स्वागत करना है और संयोग से यह पेशकश देश में त्यौ हारों के जोश के साथ हो रही है। हमने अपने ग्राहकों के लिए हमेशा सबसे सुरक्षित फैमिली कारें मुहैया कराने की कोशिश की है और हम अपने उत्पारदों एवं सेवाओं से ग्राहकों को ज्याहदा से ज्यासदा संतुष्टि देना चाहते हैं। त्यौहारों के लिये यह पेशकशें और हमारे उत्पाकदों में कई अपग्रेडेशन इन मामलों में शानदार है और हमारे ग्राहकों के लिये बेहतरीन महत्वह लेकर आती हैं।

त्यौहारों के लिये ऑफर्स और फीचर्स : कुशाक और स्लौविया सिर्फत्यौफ्हारों के सीजन के लिये 10.89 लाख रूपये की आकर्षक बेस कीमत पर मिलेगी। कुशाक और स्लाविया के उच्च-श्रेणी वाले स्टाइिल वैरियेंट्स में बिलकुल नये फीचर्स हैं, जैसे कि ड्राइवर और को-ड्राइवर के लिये इलेक्ट्रिक सीटें जोकि सेगमेंट में पहली बार पेश की गई हैं, और इल्युवमिनेटेड फुट्वेल एरिया। डैश के बीच में स्को्डा प्ले ऐप्से वाली 25.4 ष्द्व इंफोटेनमेंट स्क्रीन है। एप्पुल कारप्लेर और एंड्रॉयड ऑटो के साथ सिस्टोम बिना तार के जुड़ जाता है। कुशाक और स्लाुविया के स्टाडइल में बूट का सबवूफ्र भी एक मानक है। कुशाक मोंटे कार्लो में भी इलेक्ट्रिक सीटें तथा फुट्वेल में रोशनी होगी।

## बच्चों को बाल यौन शोषण से बचाने के लिए कांकेर ब्लॉक में स्कूल शिक्षकों को सशक्त बनाने की पहल

**कांकेर :** भावी पीढ़ी की सुरक्षा और उन्हें फलने-फूलने में मदद करने के प्रति प्रतिबद्धता के मद्देनज़र, बाल यौन शोषण (सीएसए) के मुद्दे पर काम करने वाले गैर सरकारी संगठन, अर्पण ने छत्तीसगढ़ राज्य के कांकेर ब्लॉक में सीएसए के खिलाफ बच्चों की सुरक्षा पर केंद्रित एक व्यापक कार्यशाला और प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें 2,074 स्कूलों के 4,392 समर्पित स्कूल शिक्षकों ने भाग लिया। यह कार्यशाला 3 अक्टूबर को कांकेर में शुरू हुई और 11 अक्टूबर, 2023 तक चलेगी, जिसमें छत्तीसगढ़ के अंतागढ़, भानुप्रतापपुर, चारामा, दुर्गुकोंदल, कोयलीबेड़ा और नरहरपुर सहित कई अन्य प्रमुख ब्लॉक शामिल होंगे। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में व्यक्तिगत सुरक्षा संबंधी शिक्षा सहित कई विषयों को शामिल किया गया, जिसके तहत बच्चों को खुद को सुरक्षित रखने के लिए सशक्त बनाने की जानकारी दी जाती है। इस प्रशिक्षण में सीएसए के संकेतों और लक्षणों की पहचान करना, सीएसए घटनाओं पर प्रतिक्रिया देने, ऐसे घटनाओं के शिकार लोगों को मनोचिकित्सकीय सहायता प्रदान करने और बच्चों के लिए एक सुरक्षित वातावरण को बढ़ावा देने जैसे विषय भी शामिल थे। इन संवादपरक कार्यशालाओं, सामूहिक चर्चाओं और वास्तविक जीवन से जुड़ी केस स्टडी के ज़रिये शिक्षकों को इस मुद्दे से संवेदनशील और प्रभावी ढंग से निपटने के लिए व्यावहारिक समझ और तरीके मिले। अर्पण की संस्थापक और मुख्य कार्यकारी, सुश्री पूजा तापड़िया ने इस पहल के बारे में बात करते हुए कहा, हमारे बाल यौन शोषण रोकथाम कार्यक्रम का छत्तीसगढ़ के कांकेर तक विस्तार, बच्चों के लिए सुरक्षित और परवरिश के लिए बेहतर माहौल तैयार करने के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। यह पहल हमारे संगठन और सरकार के बीच सहयोग की शक्ति का प्रमाण है और यह भागीदारी बच्चों के लिए सुरक्षित भविष्य का मार्ग प्रशस्त करती है। हमारा दृढ़ विश्वास है कि शिक्षा और जागरूकता ही ऐसी समस्याओं के रोकथाम की कुंजी है, और इस कार्यक्रम के माध्यम से, हम शिक्षकों को ज्ञान और कौशल के साथ बच्चों को सीएसए के खतरे से बचाने में सक्षम बनाते हैं।






# प्रभावी कानून व्यवस्था
# छत्तीसगढ़ बना शांति का गढ़

- वर्ष 2015-18 की अपेक्षा 2019 से अब तक महिला अपराधों में **40% की कमी**
- महिलाओं से दुष्कर्म के आरोपियों को **शासकीय नौकरी पर रोक**
- 4 जिलों में अलग से महिला थाना, **455 पुलिस थानों/चौकी** में महिला सेल का संचालन
- वर्ष 2018 से लेकर वर्ष 2022 तक **नक्सल वारदातों में 52% की कमी**
- नक्सली हिंसा के कारण डेढ़ दशक से बंद **314 स्कूल फिर से संचालित**
- **589 गांव नक्सल मुक्त :** 5.74 लाख से अधिक लोग हिंसा और दहशत से मुक्त
- जुआ-सट्टा रोकने के लिए **जुआ प्रतिषेध अधिनियम में कड़े प्रावधान**
- नशीले पदार्थों की तस्करी पर **प्रभावी नियंत्रण**
- चिटफंड पीड़ितों को न्याय दिलाने वाला **छत्तीसगढ़ देश का एकमात्र राज्य**
- साइबर क्राइम और फेक न्यूज को रोकने के लिए **साइबर एक्सपर्ट** रख रहे निगरानी

## बेसिक पुलिसिंग ने जीता जनता का भरोसा
## जीरो टॉलरेंस की नीति से अपराधों पर अंकुश

SAMVAD- 38818/12

## छत्तीसगढ़ सरकार - भरोसे की सरकार

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprCg.gov.in